16 नवंबर, 2025
मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष, द्वादशी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
रविवार, वर्ष 11, अंक 28

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा


# आजाद सिपाही

अगले 25 वर्षों के विजन के साथ राज्य सरकार काम कर रही: हेमंत



# रजत पर्व का उत्सव

धरती आबा की जयंती एवं स्थापना दिवस




झारखण्ड 25 अनंत संभावनाओं की ओर

## आज का कार्यक्रम

### जतरा

**समय:** 11 बजे पूर्वाह्न से 01 बजे अपराह्न तक
**स्थान:** जैप - 1 ग्राउंड, डोरंडा, रांची से बिरसा मुंडा स्मृति पार्क, जेल चौक तक



### सांस्कृतिक कार्यक्रम

**समय:** 04 बजे अपराह्न से 08 बजे रात्रि तक
**स्थान:** मोरहाबादी मैदान, रांची

- रिद्म ऑफ फॉक
- शास्त्रीय नृत्य एवं समकालीन आधुनिक नृत्य
- झारखण्ड के कलाकार **टॉम मुर्मू** की प्रस्तुति
- ड्रोन शो
- बॉलीवुड प्ले बैक सिंगर **श्रीमती शिल्पा राव** एवं दल की प्रस्तुति



**हेमन्त सोरेन**
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

P.R. 366145 (IPRD) 25-26

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

## बड़कागांव में 250 झारखंड आंदोलनकारी के बीच किया गया प्रमाण पत्र का वितरण



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय परिसर में प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल की अध्यक्षता में 250 झारखंड आंदोलनकारी के बीच प्रमाण पत्र का वितरण कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि झारखंड के लोगों का विकास करने का पैमाना बढ़ा है। आज झारखंड के सुदूरवर्ती इलाकों में रहने वाले लोगों के बच्चे आईएएस, आईपीएस, डिप्टी कलेक्टर, कलेक्टर, दरोगा, शिक्षक, सहित अन्य विभागो में नौकरी करने का अवसर मिला है। झारखंड का भी विकास हुआ है। अंचलाधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारी को हर क्षेत्र में सम्मान मिलेगा। इस अवसर पर झारखंड आंदोलनकारी झमन प्रसाद ने सभा को संबोधित करते हुए कहा जब बिहार से झारखंड अलग हो रहा था। तो पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव ने अपने बयान में कहा था कि झारखंड हमारी लाश पर बनेगी। इस अवसर पर प्रमुख फुलवा देवी, उप प्रमुख वचन देव कुमार, सांसद प्रतिनिधि श मुखिया संघ प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार, सांसद प्रतिनिधि पूनम साहू, पंचायत समिति सदस्य उपेंद्र कुमार प्रसाद, पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर, कालेश्वर गंझू, योगेंद्र महतो, सोहनलाल मेहता, विशेश्वर राम आदि लोगों ने झारखंड आंदोलनकारी को संबोधित किया। मौके पर सबूर महतो, बालेश्वर महतो, विशेश्वर राम, प्रो. लालदेव महतो, प्रो.ज्योति जलधार, राम लखन महतो, योगेंद्र महतो, प्यारे राम पासवान, महीरंजन महतो, ठाकुर दयाल महतो, त्रिवेणी महतो, भागीनाथ महतो, जगदीश महतो, कैलाश राणा, नागेश्वर महतो, अनिल प्रसाद दांगी, रामदुलारी देवी, मनोहर प्रसाद दांगी, केशवानाथ महतो, शिवचरण महतो, प्रकाश कुमार, संतोषी साहू, भवानी प्रसाद, अशोक महतो, हेमंत महतो, खेमलाल महतो, उगेंद्र कुमार, अमर कुमार, कुलेश्वर महतो, संजय कुमार, प्रेमचंद कुमार, राकेश मिश्रा, सहित प्रखंड अंचल के पदाधिकारी और कर्मचारी सहित 250आंदोलनकारी उपस्थित है।

## आंदोलनकारियों को सम्मानित किया गया

**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय में झारखंड राज्य स्थापना दिवस



के 25 वर्षगांठ के अवसर पर शनिवार को झारखंड आंदोलनकारियों के प्रमाण पत्र वितरण समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर 364 चिन्हित नये झारखंड आंदोलनकारियों को प्रमाण पत्र और माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इसके अलावे 13 झारखंड आंदोलनकारियों को पूर्व में सम्मानित किया गया है। कार्यकर्म के पूर्व भगवान बिरसा मुंडा को नमन कर उन्हे याद किया गया। कार्यक्रम के पश्चात मुख्य अतिथियों का सम्मान समारोह का आयोजन कर उन्हे सम्मान दिया गया। स्वीकृत हुए 300 वृद्धा पेंशन और 15 आवास लाभुको को प्रमाण पत्र सौंपा गया। जेसीएपीएल के 25 स्वय सहायता समूहों के बीच एक करोड़ 46 लाख परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। इस बीच कृषि विभाग से सरसों, मक्का, गेहू के बीज लाभुको को वितरण किया गया। वितरण के मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार, सीओ नित्यानंद दास, प्रमुख जेबून निशा, उपप्रमुख सरजू साव, मध्य जिला परिषद शेख तैयब, विधायक प्रतिनिधि अजय मंडल, घनश्याम महतो, सांसद प्रतिनिधि भुवनेश्वर पटेल, आंदोलनकारी चंद्रनाथ भाई पटेल, मुखिया संघ अध्यक्ष उत्तम महतो, सचिव निर्मल कुमार, पंचायत समिति सदस्य महताब हुसैन, घनश्याम पाठक, पूर्व जिला परिषद सदस्य जयप्रकाश सिंह पटेल, शंभूलाल यादव, महमूद आलम, दशरथ राय, टेकोचंद महतो समेत सभी आंदोलनकारी उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में डेढ़ दर्जन से अधिक छात्राएं घायल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले में शैक्षणिक भ्रमण पर निकले छात्राओं से भरी एक स्कूल बस शनिवार की सुबह कोडरमा घाटी में दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। घटना में बस में सवार लगभग डेढ़ दर्जन से अधिक छात्राएं घायल हो गयी। जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य अमिताभ कुमार ने बताया कि विद्यालय के कक्षा 11वीं के 75 बच्चे शैक्षणिक भ्रमण हेतु शानिवार की सुबह विद्यालय से राजगीर जा रहे थे। इसी दौरान छात्राओं से भरी बस कोडरमा घाटी के नौवां माइल के समीप, बस के आगे जा रही एक ट्रक से ओवरटेक करने के क्रम में ट्रक के पिछले हिस्से से टकरा गयी और सड़क किनारे खाई में जा गिरी।

### भाजपाइयों ने जनजातीय गौरव दिवस पर निकाली झांकी

# भगवान बिरसा मुंडा स्वाभिमान, त्याग और साहस के प्रतीक हैं : प्रदीप प्रसाद

**भगवान बिरसा मुंडा ने, अबुआ दिशुम, अबुआ राज, का नारा दिया था : विवेकानंद सिंह**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर, हजारीबाग में भाजपाइयों द्वारा वीर शहीद नीलांबर- पीतांबर, चौक प्रतिमा स्थल से वीर सिद्धू-कानू प्रतिमा स्थल होते हुए, भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थल तक, ढोल, नगाड़ा गाजे बाजे के साथ उत्साह पूर्वक ढोल की थाप पर थिरकते हुए, जिला अध्यक्ष, विवेकानंद सिंह के नेतृत्व में शोभा यात्रा निकली। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग सदर विधायक माननीय प्रदीप प्रसाद उपस्थित हुए। शोभा यात्रा के दौरान जनजातीय वीर शहीदों नीलांबर -पीतांबर, सिदो -कानू मुर्मू एवं भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर अतिथियों और कार्यकर्ताओं द्वारा माल्यार्पण का भी कार्य किया गया। शोभायात्रा के दौरान पूरे समय झारखंड के वीर शहीदों, अमर रहे के नारों से गूंजता रहा। जनजातीय गौरव दिवस हर साल, 15 नवंबर को स्वतंत्रता सेनानी, भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर मनाया जाता है, परंतु इस वर्ष भगवान बिरसा मुंडा के जन्म के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में, जनजातीय गौरव वर्ष विशेष रूप से मनाया जा रहा है। इस दिन का उद्देश्य स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीय समुदायों के अमूल्य योगदान को याद करना और उनकी संस्कृति व विरासत का उत्सव मनाना है। यह दिन जनजातीय नायको और महापुरुषों के बलिदानों को समर्पित है, और इसके माध्यम से सरकार जनजातीय लोगों की समस्याओं और उनके योगदानों के बारे में जागरूकता बढ़ती है। भारत की समृद्ध संस्कृति, विविधता में बहुत हद तक जनजातीय समुदायों का योगदान शामिल है। यह जनजातीय गौरव वर्ष जनजातीय गौरव विरासत और सशक्तिकरण का 1 वर्ष तक चलने वाला उत्सव है। यह प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में, भारत सरकार ने प्रसिद्ध आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के जयंती के अवसर पर 2021 में 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में घोषित किया था। वीर क्रांतिकारी और भारत के आदिवासी समुदायों के गौरव वीर बिरसा मुंडा स्वाभिमान, त्याग और साहस के प्रतीक है। उनका जीवन और विरासत आज भी शक्ति, एकता और लचीलेपन की प्रेरणा देती है। 19वीं सदी में ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के खिलाफ मुंडा समुदाय के लिए संघर्ष का नेतृत्व किया था और उन्होंने नारा दिया था अबुआ दिशुम, अबुआ राज, हमारे देश में हमारा राज्य हो।

### कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश कार्य समिति सदस्य सुदेश चंद्रवंशी, केपी ओझा, अशोक यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष शंकर लाल गुप्ता, टुन्नू गोप, जिला पदाधिकारी सुनील मेहता, दामोदर सिंह, रेणुका साहू, भानुमति पासवान, जय नारायण प्रसाद, कुणाल किशोर दुबे, कुमार मनोज सिंह, जिला मोर्चा अध्यक्ष इंद्र नारायण कुशवाहा, महेंद्र बिहारी, राजकरण पांडे, सैयद तनवीर अहमद, रमेश हेंब्रम, चंदन सिंह सदर विधायक के निजी सचिव, सुबोध, भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता, पूनम मिश्रा, श्वेता सिंहा, ज्योत्सना देवी, पूनम साहू, मंडल अध्यक्ष विवेक बैरियार, अरुण राणा, रणधीर पांडे, कृष्णा मेहता, अजीत बक्शी, वरिष्ठ नेता ऋषि शर्मा, कुलदीप कृष्णा, सुबोध सिंहा, सुमन सिंहा, विनोद कुमार बिगन, आदित्य वर्मा, शिवपाल यादव, अविनाश कसेरा, परमेश्वर यादव, राम अवतार शर्मा, राजेश यादव, पवन गिरी, राजेश ठाकुर, विमल गुप्ता ,मुखिया संघ अध्यक्ष राजेश गुप्ता, अर्जुन प्रसाद यदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे। उक्त आशय की जानकारी भाजपा जिला मंत्री सह जिला मीडिया प्रभारी जय नारायण प्रसाद द्वारा दी गयी।

## ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनी

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में आंतरिक गुणवता आश्वासन प्रकोष्ठ और राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वाधान में शनिवार को भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती और झारखंड स्थापना की रजत जयंती हर्षोल्लास के साथ से मनायी गयी। शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ मृदुला भगत और सहायक प्राध्यापक सहित सभी शिक्षकेतर कर्मियों ने भगवान बिरसा मुंडा की चित्र पर पुष्पर्पीय अर्पित कर किया। प्राचार्या डॉ मृदुला भगत ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा जनजातीय उलगुलान के महान प्रणेता थे। उन्होंने देश के स्वतंत्रता संग्राम में अहम योगदान दिया था। भगवान बिरसा मुंडा के राष्ट्र के प्रति त्याग, संघर्ष और राष्ट्रप्रेम से हम सभी देशवासियों को प्रेरणा मिलती है। सहायक प्राध्यापक सीताराम यादव ने भगवान बिरसा मुंडा के सामाजिक संघर्षों और झारखंड राज्य रजत स्थापना दिवस की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। सहायक अध्यापक चुन्नु कुमार ने झारखंड की संस्कृति, सभ्यता को संरक्षित रखने शपथ दिलायी। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम पदाधिकारी सौरभ शर्मा ने महाविद्यालय परिसर और गोद लिए गांव इंदरवाटांड़ में पर्यावरण को संरक्षित रखने पौधरोपण कराया।

## भगवान बिरसा मुंडा का बलिदान सबों के लिए प्रेरणा स्त्रोत: उपायुक्त

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर आज उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह, उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद, प्रशिक्षु आइएएस आनंद शर्मा समेत सभी जिला स्तरीय पदाधिकारियों ने हजारीबाग के पुराना बस स्टैंड स्थित बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने स्वतंत्रता संग्राम और झारखंड के जल, जंगल, जमीन और राज्य की खनिज संपदा की रक्षा के लिए जो कार्य किये वे हमारे लिए सदैव प्रेरणा के स्त्रोत रहेंगे। उन्होंने कहा कि उनके बताये मार्गों पर चल कर हम सभी उनके सपनों के झारखंड का निर्माण कर सकते है। इस अवसर पर सभी अधिकारियों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और उनके द्वारा किए गये संघर्षों और कार्यों को याद किया।

## राज्य स्थापना दिवस पर सम्मानित किये गये झारखंड आंदोलनकारी



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** राज्य स्थापना दिवस पर प्रखंड मुख्यालय सहित अन्य कई जगहों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रखंड सह अंचल कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में झारखंड आंदोलनकारी के रूप में चयनित लोगों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को प्रमुख सुनीता देवी, बीडीओ विवेक कुमार, सीओ रामरतन बरनवाल, उप प्रमुख अमेरिका महतो सहित कई लोगों ने सम्बोधित किया। सबों ने झारखंड के बीते पचीस वर्ष की यादों, इन वर्षों में किये गये विकास के कार्यों और भविष्य की अपार सम्भावनाओं पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। जबकि प्रशासनिक अधिकारीयों ने प्रशस्ति पत्र प्राप्त कर झारखण्ड आंदोलनकारीयों के चेहरे लहिले दिखाई दिये। वहीं भगवान बिरसा मुंडा की जन्म जयंती के अवसर पर जोरदाग के मुंडा टोली में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत भगवान बिरसा मुंडा की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर के की गयी। इस कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने भगवान बिरसा मुंडा के किये गये कार्यों को रेखांकित किया। मौके पर बीडीओ विवेक कुमार, सीओ रामरतन बरनवाल, पूर्व विधायक प्रतिनिधि सुरेश साव, उमेश राणा, बैधनाथ महतो, सरजू महतो सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** खतियानी परिवार पुराना बस स्टैंड के सामने, भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किये आज झारखंड राज्य के निर्माण और इसकी 25वीं वर्षगांठ में भगवान बिरसा की शहादत दिवस के अवसर में, झारखंड प्रदेश का स्थापना दिवस मनाया जा रहा है झारखंड के निर्माण में अपना योगदान देने वाले हम झारखंडी अपने अस्तित्व को खोज रहे हैं, खतियानी परिवार केंद्रीय महासचिव मोहम्मद हकीम ने कहा कि लोकतंत्र में आंदोलनकारी का कोई महत्व नहीं है, सिर्फ और सिर्फ जनप्रतिनिधियों को है जैसे भी हो, सम,दम, दंड, भेद विभेद जनप्रतिनिधि, जनता के ईमानदार नेता हो जाते हैं, लेकिन अभी वर्तमान समय में ईमानदार प्रतिनिधि टुकुर टुकुर देख रहे हैं, और बेईमान नेता किसी तरह धन हड़प कर जनता की रहनुमाई कर रहे हैं यह किसी भी संगठन का चरित्र है, आंदोलनकारी झारखंड के निर्माण में अपना योगदान दिया। पुष्पांजलि अर्पित करने में शामिल हुए, खतियानी परिवार के केंद्रीय अध्यक्ष बाबू भाई विद्रोही और बुद्धिजीवी मंच के केंद्रीय अध्यक्ष डॉ: ऐ, के, मेहता, जिला अध्यक्ष अशोक राम, के अलावे महेश विश्वकर्मा, मो: नसीरुद्दीन, विजय मिश्रा, मो: मोबीन, डा: तनवीर अहमद, बोधी साव, यदि शामिल थे।

## झारखंड के 25वें स्थापना दिवस पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन

**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** झारखंड के 25वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को प्रखंड मुख्यालय में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड प्रमुख रेणु देवी, अंचलाधिकारी बिजय कुमार महतो, प्रखंड विकास पदाधिकारी रोशमा डूंगडूंग, उपप्रमुख सुरजी देवी और बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप कुमार मंडल उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्प अर्पित किये और झारखंड राज्य की उपलब्धियों और विकास यात्रा को स्मरण करते हुए की गयी। इस मौके पर पढ़ाई और खेलकूद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विभिन्न विद्यालयों के बच्चों को सम्मानित किया गया। मंच से प्रमुख रेणु देवी ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि खेल में बेहतर प्रदर्शन से प्रखंड और जिला का नाम रोशन हुआ है।

# रामगढ़ डीसी की सीपीआर मुहिम ने पकड़ी रफ्तार: गांव-गांव पहुंच रही है जागरूकता

### डीसी की सोच पर जनता ने लगायी मुहर, ग्रामीण क्षेत्रों में बदली सोच, निःसंकोच कर रहे हैं मदद

बीरू कुमार

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** जिले में दुर्घटनाओं और हृदयाघात के मामलों में समय पर मदद न मिलने से हो रही मौतों को रोकने के लिए उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज द्वारा शुरू की गयी सीपीआर मुहिम अब बड़ी सफलता की ओर बढ़ रही है। यह मुहिम अब जिला के लिए मिल का पत्थर साबित हो रहा है। यह मुहिम घर-घर जागरूकता पहुंचाने का लक्ष्य लेकर निरंतर आगे बढ़ रही है।

**गांव-गांव जागरूकता अभियान :** प्रशासनिक टीम और स्वास्थ्य विभाग संयुक्त रूप से ग्रामीण इलाकों में सीपीआर प्रशिक्षण शिविर लगा रहे हैं। शिक्षक, आशा कार्यकर्ता, सेविका, युवा संगठन सभी मिलकर लोगों को सिखा रहे हैं कि किसी घायल या हार्ट पेसेंट की जान कैसे बचाई जा सकती है।

**ग्रामीण क्षेत्रों में बदली सोच, बढ़ी जिम्मेदारी :** जहां पहले लोग दुर्घटना के बाद घबराते थे, वहीं अब सीपीआर सीख चुके ग्रामीण खुद आगे आकर जीवनरक्षक प्रयास कर रहे हैं। कई गांवों में हाल ही में सड़क दुर्घटनाओं के बाद मौके पर मौजूद युवाओं ने सीपीआर देकर घायलों को एंबुलेंस आने तक स्टेबलिस्ट किया। उसके बाद उसे उचित इलाज के लिए अस्पताल तक पहुंचाया ।



### जिलेभर में सीपीआर प्रशिक्षण की सराहना

सरकारी कार्यालयों, शिक्षण संस्थानों, उद्योगों और पंचायत स्तर तक सीपीआर प्रशिक्षण को अभूतपूर्व समर्थन मिल रहा है। प्रशासन कोशिश में है कि आने वाले महीनों में जिला का हर नागरिक बेसिक सीपीआर प्रशिक्षित हो।

### सड़क दुर्घटना में तत्काल मदद से बच रहीं जानें

रामगढ़-पतरातू-रांची मार्ग पर हाल के कई केस ऐसे सामने आए, जहां सीपीआर की वजह से घायल की सांसें बनी रहीं। गोल्डन मिनट्स में मिली यह मदद कई घटनाओं में जीवन बचाने वाली साबित हुई है।

### हार्ट पेशेंट को मिल रही तुरंत राहत

घर, ऑफिस, बाजार कई जगह अचानक बेहोश हुए लोगों को सीपीआर देकर उठाने के उदाहरण बढ़ रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग मानता है कि यह पहल आने वाले समय में हार्ट अटैक से होने वाली आकस्मिक मौतों को कम करने में क्रांतिकारी कदम साबित हो सकती है।

**डीसी की सोच पर मिली जनता की मुहर :** उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज की पहल को जिले में व्यवहारिक और दूरदर्शी कदम के रूप में देखा जा रहा है। लोगों का नजरिया बदल रहा है। अब वे प्रशासन की पहल का इंतजार नहीं करते, बल्कि खुद सक्रिय होकर इसकी जिम्मेदारी उठा रहे हैं।

### क्या कहते हैं डीसी और क्या है उनका सीपीआर पर नजरिया



डीसी फैज अक अहमद मुमताज कहते हैं कि हमारी कोशिश सिर्फ प्रशिक्षण देने की नहीं है, बल्कि एक ऐसी सोच विकसित करने की है । जहां हर नागरिक समझे कि किसी की जान बचाने में उसकी भी जिम्मेदारी है। सीपीआर ऐसा कौशल है जो डॉक्टर न होने पर भी किसी जरूरतमंद को पहली सांस वापस दे सकता है। कई हादसों में यह साबित हुआ है कि शुरूआती कुछ मिनट सबसे महत्वपूर्ण होते हैं। इसलिए मैं चाहता हूं कि यह सिर्फ एक कार्यक्रम न रहे, बल्कि पूरा जिला इसे एक जन-मुहीम की तरह अपनाए। अगर रामगढ़ के हर गांव, हर मोहल्ले में 10-20 लोग भी सीपीआर जान जाएं, तो हम दुर्घटनाओं और अचानक हृदय रुकने से होने वाली कई मौतें रोक सकते हैं। प्रशासन की भूमिका दिशा देने की है। बाकी ताकत जनता की जागरूकता में है। इसीलिए हमने इस अभियान को घर-घर तक ले जाने का लक्ष्य रखा है।

## झारखंड राज्य स्थापना दिवस पर कार्यक्रम

आजाद सिपाही संवाददाता



**चतरा।** जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में झारखंड राज्य की स्थापना के उपलक्ष्य में चतरा जिले में 11 नवंबर से 15 नवंबर 2025 तक आयोजित पांच दिवसीय कार्यक्रम श्रृंखला का शानदार समापन हुआ। हजारों की उपस्थिति में संपन्न इस समारोह में जन भागीदारी, उत्साह और सांस्कृतिक विविधता का अद्भुत संगम देखने को मिला, जिसने इसे जिले के इतिहास का यादगार आयोजन बना दिया। इस अवसर पर चतरा लोकसभा क्षेत्र के सांसद कालीचरण सिंह, चतरा विधायक, पूर्व मंत्री सत्यानंद भोक्ता, उपायुक्त कीर्तिश्री, पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल, जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी और जिप उपाध्यक्ष ब्रिज किशोर तिवारी समेत कई गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। मंच पर जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों–उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, वन प्रमंडल पदाधिकारी दक्षिणी मुकेश कुमार, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा जहूर आलम और अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और गरिमामय बनाया। जिले के सभी विभागों के पदाधिकारी और कर्मी भी इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बने। मंचासीन गणमान्य अतिथियों और पदाधिकारियों ने झारखंड के जननायक भगवान बिरसा मुंडा और महान संघर्ष-पुरुष शिवू सोरेन के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर नमन किया गया। मुख्य समारोह में जिले के विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने स्वागत गीत, नृत्य, नाटक और गायन की शानदार प्रस्तुतियां दीं, जिनमें कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय इटखोरी, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय हंटरगंज और लावालौंग, नाजरेथ विद्या निकेतन, जवाहर नवोदय विद्यालय, उत्क्रमित मध्य विद्यालय कन्या सिंघानी, रा.सं.बा.+2 उच्च विद्यालय चतरा तथा नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय की प्रस्तुतियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। कार्यक्रम के दौरान झारखंड आंदोलन के वीर आंदोलनकारियों और उनके आश्रितों को झारखंड स्थापना दिवस-2025 पर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही पांच दिवसीय कार्यक्रमों के दौरान प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा पशुपालन, मत्स्य, डेयरी विकास, मिट्टी संरक्षण, श्रम, स्किल डेवलपमेंट, नगर परिषद, समाज कल्याण, आपूर्ति और कल्याण विभाग से जुड़े लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र और परिसंपत्तियों का भी वितरित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए उपायुक्त कीर्तिश्री ने झारखंड स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि 15 नवंबर केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि हमारी पहचान। सांसद कालीचरण सिंह ने कहा कि चतरा जिला प्रशासन और राज्य सरकार के प्रयासों से विकास की नई गति प्राप्त कर रहा है और झारखंड स्थापना दिवस हमारे लिए आत्मसम्मान, संघर्ष और संकल्प का प्रतीक है। विधायक जनार्दन पासवान ने जिले के युवाओं की ऊर्जा, प्रतिभा और सामुदायिक भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि चतरा की नयी पहचान अब शांति, विकास और समृद्धि से जुड़ रही है। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। उपायुक्त ने समस्त जनप्रतिनिधियों, विभागीय अधिकारियों, मीडिया प्रतिनिधियों और हजारों की संख्या में उपस्थित चतरा वासियों के प्रति आभार व्यक्त किया और जिले को समावेशी विकास के मार्ग पर आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया।

www.epaper.azadsipahi.in

16 नवंबर, 2025
मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष, द्वादशी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
रविवार, वर्ष 11, अंक 28

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

उलगुलान के नायक को नमनः बिरसा मुंडा जयंती और झारखंड स्थापना के रजत वर्ष पर भाजपा ने निकाली शोभायात्रा






GD GOENKA SCHOOL
Thrive. For Life.
Ranchi Jharkhand
(AFFILIATED TO C.B.S.E. UPTO CLASS XII)
Our Salient Features
•Main Entrance
•Tyre Park
•Mini Golf Course
•Cricket
•Volleyball
•Football
•Basketball
•Lawn Tennis
•GYM
•Canteen
•Centralised AC
•Art & Craft Room
•Activity Room
•Smart Classrooms
•Foundation Classrooms
•CWSN Room
•Infirmary
•Library
•Western Music
•Indian Music
•Indo-Western Dance Studio
•Drum Room
•Math Lab
•Composite Lab
•Bio Lab
•Chemistry Lab
•Physics Lab
•Rifle Shooting
•Chess & Carrom Room
•Table Tennis
•Computer Lab
•Indoor Wooden Badminton Court
•Swimming Pool
•Sports Lab
•CCTV Surveillance
•Security Guards
•Well-Trained Teaching Staffs
ADMISSIONS OPEN 2026-27
NURSERY to 9TH
For admission help-desk :
+91 7707001106
+91 7707001107
+91 7707001108
WE EQUIP YOUR CHILD WITH SKILLS FOR LIFE.

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

16 नवंबर, 2025
मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष, द्वादशी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
रविवार, वर्ष 11, अंक 28

राज्यपाल और सीएम ने बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर दी श्रद्धांजलि



## देश भर में मनायी गयी भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती

# अगले 25 वर्षों के विजन के साथ राज्य सरकार काम कर रही: हेमंत

- 25 वर्षीय झारखंड ने देश की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी
- रांची के मोरहाबादी मैदान में राज्य स्तरीय समारोह में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हुए शामिल
- 8799 करोड़ रुपये की 1087 योजनाओं का किया गया उद्घाटन-शिलान्यास



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती एवं झारखंड राज्य के 25वें स्थापना दिवस के अवसर पर रांची के मोरहाबादी मैदान शनिवार को राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राजपाल संतोष कुमार गंगवार उपस्थित रहे। वहीं, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि आज का दिन हम सभी के लिए काफी मायने रखता है। यह हम सभी के लिए गौरव का दिन है। एक तरफ हम धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती मना रहे हैं, तो दूसरी तरफ झारखंड राज्य के गठन का रजत पर्व उत्सव। इस मौके पर सभी अमर वीर-वीरांगनाओं और उन पूर्वजों को नमन करता हूं, जिन्होंने इस राज्य के लिए शहादत दी। अपने इन वीर शहीदों और पूर्वजों के सपनों का झारखंड बनने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध हैं।

**आने वाले 25 वर्षों को ध्यान में रखकर हमें आगे बढ़ना है:** मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हम झारखंड राज्य की 25वीं वर्षगांठ बना रहे हैं लेकिन, हमें आने वाले 25 वर्षों को ध्यान में रखकर प्रकृति के साथ संतुलन बनाते हुए झारखंड बनाने की तैयारी करनी होगी। हमारे पूर्वजों ने जो गरीबी, शोषण और अत्याचार का दंश झेला है। उससे बाहर निकल कर अपने को इस कदर मजबूत बनाना है कि हम अपने साथ इस राज्य को भी ताकत देने का काम कर सकें।

**कार्यक्रम में थे मौजूद:** रजत पर्व उत्सव समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में झारखंड कांग्रेस प्रभारी के राजू, मंत्री राधाकृष्ण किशोर, मंत्री संजय प्रसाद यादव, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, विधायक कल्पना सोरेन, विधायक अमित कुमार महतो, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, मुख्य सचिव अविनाश कुमार, पुलिस महानिदेशक तदाशा मिश्रा, अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव नितिन मदन कुलकर्णी एवं प्रधान सचिव वंदना दादेल समेत कई वरीय पदाधिकारीगण तथा हजारों की संख्या लोग मौजूद थे।

### शिबू सोरेन होते तो मंच की गरिमा और बढ़ जाती

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज पूरे उत्साह के साथ झारखंड राज्य स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। इस बार मेरा मन थोड़ा व्यथित है, क्योंकि दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी अब हमारे बीच नहीं है। वह आज जीवित होते, तो इस मंच की गरिमा और बढ़ जाती। स्मृति शेष शिबू सोरेन जी अलग राज्य के निर्माता और प्रणेता थे। वे हमारे मार्गदर्शक थे। आदिवासी- मूलवासी एवं हर झारखंडी की वे पहचान थे। उनके संघर्ष तथा योगदान को कभी भूल नहीं सकते हैं।

### विकसित देश के लिए विकसित राज्य और विकसित गांव बनाना होगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित देश तभी बन सकता है, जब राज्य विकसित होगा। राज्य तभी विकसित होगा जब हमारा गांव विकसित होगा। हमारी सरकार इसी बात को ध्यान में रखकर गांव को मजबूत बनाने की दिशा में पूरी ताकत के साथ काम कर रही है। गांव की समृद्धि से ही राज्य और देश की खुशहाली- उन्नति का रास्ता खुलता है।

### झारखंड तेजी से बदल रहा है

हेमंत सोरेन ने कहा कि पिछले 25 वर्षों में इस राज्य में काफी कुछ बदला है । राज्य में अब और तेजी से बदलाव हो रहा है। राज्य को आगे ले जाने में जो व्यवधान आ रहे थे, उसे दूर करने का प्रयास हो रहा है। मैं कह सकता हूं कि आज झारखंड देश के अग्रणी राज्यों के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने को तैयार है।

### महिलाएं बन रहीं हैं सशक्त

मुख्यमंत्री ने कहा कि आधी आबादी को सशक्त बनाने के लिए हमारी सरकार ने निर्णायक कदम उठाये हैं। मुख्यमंत्री मइंया सम्मान योजना का प्रभाव साफ देखने को मिल रहा है। आज हमारी सरकार शुरू की गयी इस योजना को कई अन्य राज्यों द्वारा भी अमल में लाया गया है। महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़े, इसके लिए सरकार हर मोर्चे पर उन्हें सहयोग कर रही है।

### 'आज हर झारखंडी सिर उठाकर खड़ा है'

धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जयंती और राज्य स्थापना दिवस की सभी को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं।

पूर्वजों के संघर्ष का ही नतीजा है कि आज हर झारखंडी सिर उठा कर खड़ा है।

वीर शहीदों और पूर्वजों की वजह से हमें अलग पहचान मिली।

हमारी सरकार ऐसा रास्ता तैयार करने का प्रयास कर रही है, जहां आने वाली पीढ़ी को आगे बढ़ने के लिए अपार संभावनाएं मिले।

झारखंड तेजी से बदल रहा है, अब हमारा राज्य देश के अग्रणी राज्यों के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने को तैयार है।

अपने अमर वीर शहीदों और पूर्वजों के सपनों का झारखंड बनने के लिए सरकार प्रतिबद्ध।

स्मृति शेष शिबू सोरेन जी राज्य के निमार्ता, प्रणेता मार्गदर्शक थे। आदिवासी- मूलवासी एवं हर झारखंडी की वे पहचान थे।

अपनी परंपरा और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित और समृद्ध करने के लिए सभी को आगे आना होगा।

आदिवासी इस देश के मूलवासी हैं, प्रथमवासी हैं।

आने वाले 25 वर्षों को ध्यान में रखते हुए झारखंड को आगे ले जाने की दिशा में कदम बढ़ाना है।

विश्व पटल पर भारत की पहचान है तो उसमें झारखंड की बहुत बड़ी भूमिका है।

राज्य सिर्फ खनिज संसाधनों नहीं बल्कि पर्यटन और खेल जैसे कई क्षेत्रों में अलग पहचान के लिए जाना जाता है।

मेहनतकश श्रम बल आज देश को आगे ले जाने में अहम भूमिका निभा रहा है।

हमारी सरकार अपनी इन क्षमताओं को पहचानते हुए एक ऐसा रास्ता तैयार करने का प्रयास कर रही ह।

शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल और पर्यटन समेत सभी क्षेत्रों में कई नये आयाम जोड़ने का काम हमारी सरकार कर रही है।

### इन महत्वपूर्ण योजनाओं का हुआ शिलान्यास

- रांची स्मार्ट सिटी क्षेत्र में रीक्रिएशन पार्क, इको पार्क तथा सामुदायिक पार्कका विकास।
- रांची के खादगढ़ा में बिरसा मुंडा बस टर्मिनल का नवीनीकरण एवं उन्नयन।
- कोडरमा जिले में 50 बेड वाले क्रिटिकल केयर अस्पताल ब्लॉक का निर्माण कार्य ।
- गुमला जिले में जिला प्रारंभिक हस्तक्षेप केंद्र का निर्माण कार्य।
- शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल हजारीबाग में 50 बेड वाले क्रिटिकल केयर अस्पताल ब्लॉक निर्माण कार्य ।
- नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्पोर्ट्स कांप्लेक्स सिमडेगा में सिंथेटिक फुटबॉल मैदान का निर्माण कार्य।
- हजारीबाग जिले में नये फार्मेसी संस्थान का निर्माण कार्य।
- इको टूरिज्म योजना के तहत तिलक मांझी नेचर पार्क तथा फॉसिल पार्क का निर्माण कार्य।
- मधुपुर और गिरिडीह में बर काउंसिल भवन के निर्माण कार्य।
- रांची के टाटीसिल्वे में ट्रांसफॉर्मर रिपेयरिंग वर्कशॉप का निर्माण कार्य।

### इन महत्वपूर्ण योजनाओं का हुआ उद्घाटन

- कोर कैपिटल एरिया, रांची में विधानसभा सदस्यों के लिए निर्मित आवासीय परिसर।
- देवघर और लोहरदगा में नये समाहरणालय भवन का निर्माण।
- 400 केवी संचरण लाइन तथा 220/132/33 केवी ग्रेट सब स्टेशन, पतरातू का निर्माण।
- गोड्डा में नये इंजीनियरिंग कॉलेज का निर्माण।
- बोकारो में नये प्रोफेशनल कॉलेज का निर्माण।
- कोडरमा के डोमचांच में 50 बेड वाले अस्पताल का निर्माण कार्य।
- धनबाद, पश्चिमी सिंहभूम के बड़ाजामदा, गोड्डा के बोआरीजोर, पाकुड़ के पाकुड़िया और सिमडेगा के ठेठईटांगर में प्रिफेब फील्ड अस्पताल, दुमका में धनवंतरी आयुष अस्पताल और गोड्डा में 50 बीएड वाले क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल का निर्माण।
- सिमडेगा में नये अंतरराष्ट्रीय एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम का निर्माण।
- चतरा के इटखोरी एक मंदिर का संरक्षण एवं विकास कार्य।

### सूचना एवं जनसंपर्क विभाग ने लगायी है प्रदर्शनी

राजपाल और मुख्यमंत्री ने समारोह स्थल परिसर में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा लगायी गयी प्रदर्शनी का अनावरण किया। यहां इमर्सिव जोन में झारखंड राज्य के 25 वर्षों के सफर, भगवान बिरसा मुंडा समेत सभी अमर वीर शहीदों तथा दिशोम गुरु स्मृति शेष शिबू सोरेन जी की गाथा का अवलोकन किया। वहीं, झारखंड की 25 वर्षों की गाथा तथा उपलब्धियां पर आधारित पुस्तिका का विमोचन किया।

### 1087 योजनाओं की मिली सौगात

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 8799 करोड़ रुपये की 1087 योजनाओं का की सौगात दी। इसमें 4324 करोड़ रुपये की 878 योजनाओं का उद्घाटन तथा 4475 करोड़ रुपये की 209 योजनाओं की नींव रखी।

इम्पैक्ट फीचर

# शारदा ग्लोबल स्कूल: ज्ञान, नेतृत्व और उत्कृष्टता के 10 वर्ष

शारदा ग्लोबल स्कूल की स्थापना वर्ष 2015 में इस उद्देश्य से की गई थी कि शहर से दूर रहने वाले विद्यार्थियों को भी उत्कृष्ट शिक्षा, आधुनिक तकनीकों और सर्वांगीण विकास के समान अवसर प्रदान किए जा सकें। विद्यालय ने अपनी स्थापना के बाद से ही शिक्षा के क्षेत्र में नित नए आयाम स्थापित किए हैं। शारदा ग्लोबल स्कूल ने अपनी स्थापना के 10 गौरवशाली वर्षों की पूर्णता का उत्सव बड़े हर्ष और उत्साह के साथ मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन समारोह से हुआ।
वृन्दावन से ब्रज कीपर बैंड को निमंत्रित किया। ये प्रोग्राम 14 नवम्बर 2025 को टाना भगत स्टेडियम में आयोजित किया गया। ब्रजकीपर के धुर्व शर्मा और स्वर्णा ने अपनी गायकी से समां बांधा, लगा जैसे हम वृन्दावन में पहुँच गए। विद्यालय की प्रबंधक समिति ने बताया कि आज के समय में जब बच्चे आधुनिकता की दौड़ में अपनी संस्कृति और आध्यात्मिक जड़ों से दूर होते जा रहे हैं, ऐसे कार्यक्रम उन्हें अपने मूल्य परंपरा और दिव्यता से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम हैं। शारदा ग्लोबल स्कूल जो बच्चों को "Future Ready" बनाने में विश्वास रखता है, यह भी भली-भांति समझता है कि भविष्य का निर्माण तभी संभव है जब बच्चे अपनी संस्कृति और आध्यात्मिक चेतना से जुड़े रहें। इसी उद्देश्य से विद्यालय ने यह कार्यक्रम आयोजित किया जिससे छात्रों में भारतीयता, संस्कार और अध्यात्मिक भावना का संचार हो सके।




हर सुर में श्याम का स्पर्श था। हर दिल वृंदावन बन गया।। - ध्रुव शर्मा एवं स्वर्णा श्री



किसी भी शिक्षण संस्थान की सफलता विद्यालय के उचित निर्देशन,गुणवत्ता युक्त शिक्षण, अनुशासित छात्रों एवं अभिभावकों के सहयोग पर निर्भर करती है।

- संजय शारदा, चेयरमैन



शारदा ग्लोबल स्कूल की प्रतिबद्धता अपने विद्यार्थियों में शिक्षा के उच्चतम मापदण्डों को विकसित करना उनके चर्तुदिक विकास पर निरन्तर ध्यान देना है।

- दीपक बंका, डायरेक्टर



शारदा ग्लोबल स्कूल छात्रों के ज्ञानवर्द्धन के साथ-साथ नवीन तकनीकियों से उन्हें परिचित कराता है ताकि छात्र आगे आने वाली स्पर्धाओं का सामना कर सकें।

अनुज रंजन, डायरेक्टर



दस वर्ष किसी संस्थान को विषिष्ट रूप से स्थापित करने के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण होता है। हमारी दृष्टि में प्रत्येक छात्र महत्वपूर्ण है। शारदा ग्लोबल स्कूल ने इन दस वर्षों में राँची में अपना एक विशिष्ट स्थान बनाया है तथा शहर के टॉप 10 स्कूलों में स्वयं को प्रतिष्ठित किया है।

डॉ. रंजना स्वरूप, डायरेक्टर एकेडमिक्स



शारदा ग्लोबल स्कूल अपने छात्रों को वह वातावरण प्रदान करता है जिससे छात्र भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए सक्षम, आत्मविष्वासी और नवाचारी सोच से परिपूर्ण है।

श्रीमती जसमीत कौर, प्राचार्या

## शैक्षणिक उत्कृष्टता और उपलब्धियां



शारदा ग्लोबल स्कूल ने वर्ष 2021 में अपनी पहली सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम देकर विद्यालय का नाम रोशन किया। पिछले पाँच वर्षों में विद्यालय के विद्यार्थियों ने 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में लगातार श्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। वर्ष 2024 में विद्यालय ने राज्य स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त कर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की मिसाल पेश की। विद्यालय के विद्यार्थी जेईईए नीट, आईआईटी, बीआईटी, एनआईटी जैसी प्रतिष्ठित संस्थाओं में चयनित होकर निरंतर विद्यालय को गौरवान्वित करते रहे हैं।

## आधुनिक प्रयोगशालाएं और क्लब्स

विद्यालय आज आधुनिक शिक्षा और नवाचार का केंद्र बन चुका है। यहाँ विद्यार्थियों के लिए रोबोटिक्स लैब, कंप्यूटर लैब, गणित प्रयोगशाला, भौतिकी, रसायन एवं जीव विज्ञान प्रयोगशालाएँ स्थापित की गई हैं। सृजनशीलता और कला को बढ़ावा देने के लिए विद्यालय में आर्ट स्टूडियोए डांस और म्यूज़िक स्टूडियो भी हैं। छोटे बच्चों के लिए विशेष 'Just Giggles' प्ले एरिया बनाया गया हैए जहाँ खेल-खेल में सीखने का





वातावरण प्रदान किया जाता है। विद्यालय में विभिन्न क्लब्स जैसे- आर्ट क्लब, आइंस्टाइन क्लब, आर्यभट्ट क्लब, टेक क्वेस्ट क्लब, स्पोर्ट्स क्लब आदि संचालित हैं। इन क्लबों के माध्यम से विद्यार्थी रोबोट बनाना, मोटर कनेक्शन, व्हील्स गियर, प्रोग्रामिंग भाषाएं, ब्लॉक प्रोग्रामिंग और प्रोजेक्ट- आधारित गतिविधियाँ सीखते हैं। यह क्लब्स विद्यार्थियों में इनोवेशन माइंडसेट विकसित करते हैंए जो आज के युग की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

## खेलकूद और सह-पाठ्यक्रमीय गतिविधियां



विद्यालय में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अनेक खेल एवं रचनात्मक क्रियाकलाप आयोजित किए जाते हैं। यहाँ इनडोर व आउटडोर खेलों के लिए क्रिकेट, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, बैडमिंटन कोर्ट के साथ स्केटिंग जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। विद्यालय के छात्र ओलंपियाड, स्पेल बीए, आईटीओ जैसी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाते रहे हैं।



## भविष्य की योजनाएं

विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों को और बेहतर सुविधाएँ प्रदान करने के लिए स्विमिंग पूल, अत्याधुनिक सभागार, इनडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, आधुनिक जिमनेज़ियम और अन्य नई शैक्षणिक संरचनाओं की योजना की घोषणा की है। इन प्रयासों का उद्देश्य विद्यार्थियों को एक संपूर्ण, सुरक्षित और प्रेरणादायक शिक्षण वातावरण प्रदान करना है।






ADMISSIONS OPEN - 2026-27
CLASS PRE-NURSERY TO IX

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 16 नवंबर, 2025
www.azadsipahi.in


## राज्य स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में पहुंची कृषि, पशुपालन और सहकारिता मंत्री

# सोना झारखंड को बनायेंगे विकसित झारखंड मिलकर करेंगे काम : शिल्पी नेहा तिर्की

**राज्य सरकार ने महिलाओं, छात्र-छात्राओं, किसानों के हित में कई कार्य किये : मंत्री**

**मंत्री ने 88.52 करोड़ रु की योजनाओं का उद्घाटन, 29.21 करोड़ रु की योजनाओं का शिलान्यास व 4.92 करोड़ रु की परिसंपत्तियों का किया वितरण**

आजाद सिपाही संवाददाता






**लोहरदगा।** झारखंड राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने पर आज समाहरणालय मैदान लोहरदगा में जिला स्तरीय कार्यक्रम-सह-विकास मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में कृषि, पशुपालन और सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में मंत्री ने कहा कि हमारा राज्य पहले से ही सोना झारखंड है। हम इसे विकसित राज्य बनायेंगे। हमारे पूर्वजों ने झारखंड के गठन के लिए बहुत संघर्ष किया है। उनके बलिदान को व्यर्थ नहीं जाने देंगे। राज्य गठन में स्व जयपाल सिंह मुंडा, स्व शिबू सोरेन, स्व विनोद बिहारी महतो जैसे अन्य झारखंड आंदोलनकारियों का अतुलनीय योगदान है। इस राज्य का गठन यहां की अलग संस्कृति के आधार पर हुआ है। राज्य को विकसित बनाने में छात्र, युवाओं, किसानों, झारखंड आंदोलनकारियों की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। मंत्री ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने महिलाओं, बालिकाओं, छात्र-छात्राओं, किसानों के हित में कई क्रांतिकारी कार्य किये। महिलाओं को आर्थिक रूप से सबल बनाने के लिए मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की सौगात दी। जिससे महिलाएं स्वरोजगार के लिए उस पैसे का इस्तेमाल कर रही हैं। छात्राओं को किशोरी समृद्धि सावित्री बाई फुले योजना से जोड़ा जिसमें कुल 40 हजार रुपये तक का लाभ दिया जा रहा है। आदिम जनजाति के छात्रों को विदेश में उच्च शिक्षा हेतु मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना से लाभान्वित किया जिससे यहां के छात्रों को संयुक्त राज्य अमेरिका, इंग्लैंड ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में जाकर पढ़ाई कर रहे हैं। मुख्यमंत्री कृषि ऋण माफी योजना के तहत वर्ष 2024 तक 2 लाख रुपये तक का ऋण माफ किया। कार्यक्रम में उपायुक्त डॉ ताराचंद, पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी, उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्रद्धा केरकेट्टा समेत सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, जिला परिषद उपाध्यक्ष विनोद उरांव, जिला परिषद के सदस्यगण, झारखंड आंदोलनकारी व बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### 88.52 करोड़ रु की योजनाओं का किया उद्घाटन

मंत्री ने शनिवार को विभिन्न विभागों से जुड़ी कुल 88.52 करोड़ रु की योजनाओं का किया उद्घाटन और 29.21 करोड़ रु की योजनाओं का शिलान्यास किया गया। वहीं 4.92 करोड़ रु की परिसंपत्तियों का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में सांकेतिक रूप से दो झारखंड आंदोलनकारियों को सम्मानित किया गया। सांकेतिक रूप से कृषि विभाग की ओर से दो लाभुकों के बीच पम्प सेट और कृषि बीज का वितरण, गव्य विकास विभाग की ओर से एक लाभुक को 10 गाय की योजना, जेएसएलपीएस की ओर से दो आजीविका सखी मंडल को ऋण, समेकित जनजाति विकास अभिकरण की ओर से दो सामुदायिक वन पट्टा, भूमि संरक्षण विभाग की ओर से सिरा सीता महिला मंडल को ट्रैक्टर, दो लाभुकों के बीच पंप सेट, सामाजिक सुरक्षा विभाग की ओर से दो लाभुकों के बीच मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना, समाज कल्याण की ओर से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत उत्कृष्ट प्रदर्शन के एकलव्य आवासीय विद्यालय की छात्रा को टैब, खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए स्मार्ट वॉच का वितरण किया गया। बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना अंतर्गत एक लाभुक के बीच एक लाभुक को लाभान्वित किया गया। शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित प्रतियोगिता में रौशनी कुमारी को मेडल प्रदान किया गया। हरमू आजीविका मिशन को ऋण प्रदान किया गया।

### बिरसा मुंडा के चित्र पर किया माल्यार्पण

मंत्री ने कार्यक्रम की शुरूआत में भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण किया और उनके प्रति श्रद्धासुमन अर्पित की। भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती के अवसर पर राज्यवासियों को बधाई दी। मंत्री ने विकास में लगाये गये विभिन्न विभागों के स्टॉलों का भी निरीक्षण किया और संबंधित विभागों के प्रयास की प्रशंसा की।

### कृषि समेत अन्य क्षेत्रों में अपार संभावनाएं : डीसी

उपायुक्त डॉ ताराचंद ने कहा कि 25 वर्षों में राज्य में पर्यावरण संरक्षण, कला-संस्कृति, परंपराओं के संरक्षण आदि के क्षेत्र बहुत कार्य हुआ। आज राज्य की 80 प्रतिशत आबादी कृषि का कार्य करती है। जिला और राज्य के परिपेक्ष्य में देखा जाय तो यह राज्य कृषि के क्षेत्र में अग्रणी बन सकता है। राज्य सरकार और विभागीय मंत्री भी इस दिशा में बहुत गंभीर हैं। यह राज्य इकलौता राज्य है जहां केसीसी पर 0% ब्याज लगता है अगर ऋण दिये गये समय अंदर चुका दिया जाता है। राज्य के भूभाग का 30 प्रतिशत वन क्षेत्र है जहां प्राकृतिक जड़ी बूटियों की भरमार है। यहां इन जड़ी बूटियों से नई दवाइयां बनायी जा सकती हैं। पर्यटन के दृष्टिकोण से भी इस जिला में काफी संभावनाएं हैं जिसे ब्रांड बनाया जा सकता है जैसे कई अन्य राज्यों में है। इस जिला में शिक्षा, मानव संसाधन, चिकित्सा, उद्योग आदि के क्षेत्र में भी बहुत संभावनाएं हैं। कार्यक्रम के अंत मे जिला प्रशासन लोहरदगा की ओर से उपायुक्त द्वारा माननीय मंत्री को स्मृति चिह्न भेंट की गयी।

## विधायक कार्यालय में मनायी गयी बिरसा मुंडा जयंती सह झारखंड राज्य का स्थापना दिवस



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** बिरसा मुंडा जयंती सह झारखंड राज्य की 25 वीं स्थापना दिवस पर विधायक कार्यालय बरवाटोली लोहरदगा में श्रद्धांजलि और विचारगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पार्पण कर की गयी तत्पश्चात विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें भगवान बिरसा मुंडा की जीवनी और वीरगाथा का वर्णन किया गया। मौके पर विधायक डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि धरती आबा बिरसा मुंडा की विचारधारा, संघर्ष और प्रेरणा ने झारखंड राज्य की मांग को मजबूत करने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बिरसा मुंडा ने सबसे पहले आदिवासी समाज को उनकी पहचान, संस्कृति, अधिकार के प्रति जागरूक किया। उनकी इस जागरूकता ने आगे चलकर झारखंड की एक अलग पहचान वाले राज्य की मांग को मजबूती दी। जल जंगल जमीन की लड़ाई के साथ-साथ उन्होंने ब्रिटिश सरकार और दिकुओं द्वारा किये गये अत्याचारों के खिलाफ उन्होंने उलगुलान का नेतृत्व किया और गरीब, शोषित आदिवासी समाज में राजनीतिक चेतना पैदा की। हमे धरती आबा बिरसा मुंडा और सभी अमर बलिदानियों के संघर्ष को नहीं भूलना चाहिए। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, रोहित उरांव, अफसर कुरैशी, विशाल डुंगडुंग, विनोद खेरवार, असलम अंसारी, दीपक महतो, एनुल अंसारी, रौनक इकबाल, हाजी सिकंदर अंसारी, काले उरांव, गंगा उरांव, अभिषेक कुमार, नकुल उरांव, भंडारी उरांव, निश्चय वर्मा, अवधेश साहू, रणजीत महली, सरिता देवी, सुशीला देवी, मुनिया उरांव, मुन्नी उरांव, जगमानी उरांव, अनिमा कुजूर, शशि उरांव, बिमला भगत, सरिता कच्छप, ललकारेन एक्का, बबीता देवी, लालमुनि देवी, सुनीता उरांव, तारामनी उरांव, मनीष शर्मा, राजा अंसारी आदि उपस्थित थे।

## राज्य स्थापना दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन



**भंडरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के आशा आदिवासी विद्यालय बलसोता सरना टोली में शनिवार को बाल दिवस सह राज्य स्थापना दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के प्रधानाध्यापक रतिया उरांव और संगीता तिर्की द्वारा धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस दौरान विद्यालय में आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता और खेलकूद प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस दौरान पेंटिंग और खेलकूद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को शिक्षकों द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर आशा आदिवासी विद्यालय बलसोता के प्रधानाध्यापक रतिया उरांव ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने मातृभूमि की आन बान शान की रक्षा के लिए अपनी जान की आहुति दी। आज हम लोगों चैन व आजादी के जिंदगी जी रहे हैं। उनके पीछे भगवान बिरसा मुंडा का अहम योगदान है। हम सभी को उनके मार्गदर्शन और उनके द्वारा बताये गये मार्ग पर चलकर देश और समाज के प्रति अपना कर्तव्य को निर्वहन करने की आवश्यकता है। मौके पर संगीता कुमारी तिर्की, सुमित उरांव, समकुमारी खाखा, आशा तिर्की, प्रियंका उरांव, बबीता तिर्की, सरिता तिर्की, राजेश उरांव सहित ग्रामीण मौजूद थे।

## चार मवेशी जब्त, तीन तस्कर गिरफ्तार



**भंडरा (आजाद सिपाही)।** भंडरा थाना पुलिस ने शुक्रवार की रात एंटी क्राईम वाहन जांच अभियान के दौरान बड़ी सफलता प्राप्त की है। भंडरा थाना पुलिस ने भंडरा-चट्टी मुख्य पथ कुंदो गांव के पास एक पिकअप वैन में लदे चार गौवंशीय मवेशी को जब्त करते हुए तीन पशु तस्कर को गिरफ्तार किया है। साथ ही भंडरा थाना में प्राथमिकी दर्ज करते हुए शनिवार को तीनों आरोपितों को जेल भेज दिया है। भंडरा थाना में पदस्थापित सहायक अवर निरीक्षक संतोष कुमार राय के बयान पर पिकअप वाहन के मालिक, चालक समेत चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। भंडरा थाना प्रभारी रवि रंजन ने कहा कि शुक्रवार की रात नौडीहा चौक के समीप एंटी क्राइम को लेकर वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान भंडरा की ओर से एक सफेद रंग का बोलेरो पिकअप वाहन को तेजी से आते हुए देखा। उक्त वाहन को पुलिस बल द्वारा रोकनें का प्रयास किया गया, परंतु वाहन तेजी से पार कर गया। पुलिस वाहन से उक्त वाहन का पीछा करते हुए कुंदो मैदान के पास भाग रहे सफेद रंग के पिकअप को पीछा कर पकड़ा गया। जिसके पश्चात उक्त वाहन की तलाशी लेने पर वाहन के डाला में गोवंशीय पशु लदा हुआ पाया। इस संबंध में चालक और वाहन में सवार अन्य दो व्यक्तियों से कागजात की मांग की गयी। उक्त वाहन के चालक द्वारा वाहन में लदे पशु से संबंधित कोई भी वैध या गोवंशीय पशु के परिवहन से संबंधित कागजात प्रस्तुत नहीं किया और न ही इस संबंध में अन्य कोई संतोषजनक जवाब दिया गया। पकड़े गये वाहन का जांच करने पर वाहन का रजिस्ट्रेशन संख्या JH01FG-5114 पाया। तत्पश्चात वाहन जांच कर रहे सशस्त्र बल के सहयोग से उक्त वाहन में गोवंशीय पशुओं की गिनती करने पर वाहन के अंदर चार गाय वाहन में क्षमता से अधिक ठूस-ठूस कर लदा हुआ पाया। जिन्हें बैठनें और खड़े होनें में दिक्कत हो रही थी। देखने से सभी गोवंशीय पशु भुखे-प्यासे लग रहे थे। ऐसा प्रतीत होता है कि वाहन में लदे गोवंशीय पशुओं को वध करने की नियत से तस्करी हेतु ले जाया जा रहा था। तत्पश्चात पकड़ाये तीनों व्यक्तियों से नाम पता पुछने पर चालक बिहार के भोजपुर जिला निवासी लाल मोहन सिंह के पुत्र कमल किशोर कुमार (19 वर्ष), किशन राय के पुत्र आकाश कुमार यादव (19 वर्ष) और बिहार के वैशाली जिला निवासी धर्मदेव राय के पुत्र जीतू राय (19 वर्ष) को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

## बालूमाथ में कोयला लदे दो ट्रक जब्त



**बालूमाथ (आजाद सिपाही)।** सीसीएल द्वारा संचालित मगध संघमित्रा परियोजना में फर्जी लोडर स्लिप के माध्यम से कोयला माफियाओं के द्वारा कराये गये कोयला लोड दो ट्रकों को पुलिस और सीसीएल की संयुक्त कार्रवाई में पकड़ा गया है। पकड़े गये दोनों ट्रकों को जब्त करने के पश्चात शुक्रवार को बालूमाथ थाने में मामला दर्ज किया गया है। बालूमाथ थाने में दर्ज प्राथमिकी के अनुसार मगध कोलियरी के 44 नंबर स्टॉक से फर्जी कागजात प्रस्तुत कर दो ट्रक को चमातु तालाब के पास पुलिस व सीसीएल के संयुक्त टीम के द्वारा पंजीयन संख्या-जेएच 19बी-6175 व जेएच 02एएन-2860 जब्त किया गया है। उक्त दोनों ट्रकों में लगभग साठ टन कोयला लोड था. जिसकी अनुमानित कीमत लगभग तीन लाख रुपए बताई जा रही है। जब्त ट्रकों को अमरवाडीह पुलिस पिकेट में रखा गया है। प्राथमिकी के अनुसार ट्रक को लोड़ करने वाले लोडर सं-122 और 123 के चालको से इस संबंध में पूछताछ के दौरान बताया गया कि दोनों ट्रकों का लोडर स्लिप एक कोयला तस्कर द्वारा लाकर लोड कराया गया था। बाद में पता चला कि लोडर स्लिप फर्जी है। फर्जी लोडर स्लिप की जानकारी मिलने के बाद लोडर चालक के द्वारा इसकी जानकारी सीसीएल को दी गयी। जिसके बाद पुलिस और सीसीएल की संयुक्त कार्रवाई में फर्जी कागजात से कोयला लोड करने वाले दोनों ट्रकों के चालक, वाहन मालिक और कोयला तस्कर के विरुद्ध प्राथमिकी स 128/2025 दर्ज की गयी है। अब ऐसे में यह प्रश्न प्रासंगिक हो जाता है कि सेंट्रल कोलफील्ड लिमिटेड द्वारा संचालित मगध परियोजना से इस तरह के मामले दिन प्रतिदिन बढ़ क्यूं रहे हैं। कार्रवाई के बाद सिलसिला कुछ दिनों तक स्थिर होता है। फिर मौका देख माफिया सक्रियता से कोयला तस्करी शुरू कर देते हैं। आखिर इन माफियाओं को शह कहां से मिलता है।

## झारखंड स्थापना दिवस पर पदयात्रा और माल्यार्पण कार्यक्रम आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** झारखंड स्थापना दिवस और धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जन्म जयंती सह जनजातीय गौरव दिवस पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिले में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गये। भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव के नेतृत्व में डेयरी फार्म पतरा टोली से नगाड़ाझमांदर के साथ पदयात्रा निकालकर बिरसा मुंडा शहीद स्मारक स्थल पहुंचकर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य ओम प्रकाश सिंह तथा माटी कला बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष श्रीचंद प्रजापति मुख्य रूप से उपस्थित रहे। मौके पर जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का जीवन संघर्ष हमारी मूल संस्कृति, सभ्यता और परंपरा को समझने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि विदेशी परंपराओं को थोपने के प्रयासों का बिरसा मुंडा ने हमेशा विरोध किया और आज भी कई ताकतें उनकी परंपरा को मिटाने का प्रयास कर रही हैं। मनीर उरांव ने कहा कि भाजपा ने भगवान बिरसा मुंडा की विरासत को सम्मान देते हुए जनजातीय गौरव दिवस की घोषणा की और झारखंड राज्य की स्थापना भी भाजपा सरकार द्वारा भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में की गयी। कार्यक्रम में हर्षनाथ महतो, बालकृष्ण सिंह, अनिल उरांव, पशुपति नाथ पारस, जगनंदन पौराणिक, मिथुन तमेड़ा, राजकुमार वर्मा, विवेक चौहान, सचिन सिंघानिया, विश्वजीत भारती, अशोक साहू, राजकुमार मुंडा, रामकुमार खेरवार, सरोज प्रजापति, अमित लोहरा, सुभाष यादव, प्रकाश नायक, सामेला भगत, पावन तिग्गा, आदित्य कुमार, शंकर प्रजापति, अशोक कास्यकार, विश्वजीत घोष, भगवान उरांव, प्रभु उरांव, केलू उरांव, बुधराम उरांव, कृष्ण मुंडा, अशोक चौहान सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## नव नियुक्त थाना प्रभारी से झामुमो नेता ने की मुलाकात

**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह के झामुमो के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष सह पोखरी कला पंचायत समिति सदस्य पति अफ्जल अंसारी ने नव नियुक्त थाना प्रभारी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने अंगवस्त्र और बुके भेंट कर किया सम्मानित। वही दूसरी और थाना प्रभारी ने प्रखंड क्षेत्र के सभी पत्रकारों के साथ बैठक की। कईं बिंदु पर हुई बात। बैठक के दौरान थाना प्रभारी ने प्रखंड क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं, आपराधिक गतिविधियों, कानून-व्यवस्था की वर्तमान स्थिति और पत्रकारों की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि बरवाडीह में शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखना और आम लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। थाना प्रभारी अनुराग कुमार ने पत्रकारों से क्षेत्र की जमीनी चुनौतियों, समस्याओं और शिकायतों को तत्परता से साझा करने का आग्रह किया, ताकि पुलिस त्वरित कार्रवाई कर सके। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि पुलिस-प्रशासन और मीडिया के बीच मजबूत समन्वय से ही बेहतर परिणाम मिलते हैं।

## भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने दी श्रद्धांजलि



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** भगवान बिरसा मुंडा जयंती के अवसर पर शनिवार को बरवाडीह पुराने ब्लॉक परिसर में स्थापित उनकी प्रतिमा पर श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड प्रशासन के अधिकारियों से लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। समारोह की शुरुआत प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज, अंचलाधिकारी लवकेश सिंह, थाना प्रभारी अनुराग कुमार, सांसद प्रतिनिधि दीपक राज और झामुमो प्रखंड अध्यक्ष शशि भूषण तिवारी द्वारा प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भगवान बिरसा मुंडा को नमन करने के साथ हुई। इसके अलावे प्रखंड कार्यालय परिसर में भी भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा मे माल्यार्पण किया गया, और उनको याद किया गया। अधिकारियों ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने जल, जंगल, जमीन की रक्षा और आदिवासी समाज के अधिकारों के लिए संघर्षरत रहते हुए पूरे प्रदेश को एक नयी दिशा दी। उनके बलिदान और विचार आज भी प्रेरणा का स्रोत हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और प्रखंड कर्मी उपस्थित रहे। पूरे आयोजन में श्रद्धा, सम्मान और सौहार्द का वातावरण बना रहा।

## भगवान बिरसा मुंडा की जयंती और झारखंड स्थापना दिवस पर विकास मेला का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती और झारखंड राज्य स्थापना दिवस के रजत जयंती के उपलक्ष्य में आज 15 नवंबर को टाउन हॉल, लातेहार में विविध कार्यक्रमों से परिपूर्ण विकास मेला का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान माननीय विधायक मनिका रामचंद्र सिंह, उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता, पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रवेश अग्रवाल और जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी समेत उपस्थित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर विधिवत रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए माननीय विधायक मनिका, रामचंद्र सिंह ने जिलेवासियों को भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती और राज्योत्सव की बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा आदिवासी अस्मिता, संघर्ष और सामाजिक न्याय के अमर प्रतीक हैं। उनकी जयंती पर आयोजित विकास मेला जनता को शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने और उन्हें योजनाओं का सीधा लाभ प्रदान करने का प्रभावी माध्यम है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने सभी को धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती और झारखंड राज्य स्थापना दिवस की बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज गौरव का दिन है कि आज हम सभी झारखंड राज्य के 25वें स्थापना दिवस को मना रहे हैं। इस अवसर पर उपायुक्त के द्वारा जिले में किये जा रहे प्रमुख विकासात्मक कार्यों और उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी दी गयी।

उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान बिरसा मुंडा के कार्य और उनका बलिदान हमारे लिए प्रेरणास्रोत है। इस दौरान झारखंड आंदोलनकारियों के योगदान को नमन करते हुए उनको शाल और मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही, रण फॉर झारखण्ड प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार प्रदान किये गये। स्कूली बच्चों को भी उनकी उत्कृष्ट प्रस्तुतियों और उपलब्धियों पर सम्मानित किया गया, जिससे बच्चों में उत्साह का संचार हुआ।

इस दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारंभ विधायक मानिक रामचंद्र सिंह, उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त, उप विकास आयुक्त, डीआरडीए निदेशक सहित अन्य अधिकारियों ने स्वैच्छिक रक्तदान कर जिले में सुरक्षित रक्त उपलब्धता के लिए प्रेरणादायक संदेश दिया। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है और ऐसे अभियानों से जरूरतमंदों को समय पर जीवनरक्षक सहायता मिलती है।

विकास मेला कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण किया गया। कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, अपर समाहर्ता रामा रविदास, निदेशक डीआरडीए प्रभात रंजन चौधरी, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, जिला स्तरीय पदाधिकारी, जिला परिषद सदस्य और गणमान्य लोग, प्रबुद्धजन, स्कूली छात्र-छात्राएं, बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

## यूनिटी मार्च का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय गौरव जगाना और एकता की भावना को मजबूत करना है : कालीचरण सिंह




**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार माई भारत युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के द्वारा विकसित भारत पदयात्राएं आयोजित किया जा रहा है। इसे लेकर चतरा सांसद कालीचरण सिंह ने लातेहार परिसदन में पत्रकारा वार्ता कर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय गौरव जगाना, समाज के प्रति जिम्मेदारी बढ़ाना और एकता की भावना को मजबूत करना है। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन भागीदारी से राष्ट्र निर्माण के विजन से प्रेरित है। इसमें युवा से लेकर वरिष्ठ नागरिक तक, सभी मिलकर देश के इतिहास को याद करेंगे और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभायेंगे। खासकर अमृत पीढ़ी यानी आज के युवाओं की भूमिका पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसी पहल के तहत 6 अक्टूबर को यूनिटी मार्च की शुरूआत की गयी। यह भारत सरकार की पहल है, जो लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती को समर्पित है। इस राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में एकता, देशभक्ति और कर्तव्य भावना को जागृत करना है। सरदार पटेल ने जिस तरह बिखरे हुए भारत को एक भारत बनाया, उसी भावना को यह पदयात्रा आगे बढ़ायेगी। इस अभियान के जरिये युवाओं को एक भारत और आत्मनिर्भर भारत के आदर्श अपनाने के लिए प्रेरित किया जायेगा। इस प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से अपर समाहर्ता रामा रविदास, नेहरू युवा केन्द्र के कंचना कुमार, नवल प्रसाद सहित संबंधित लोग मौजूद रहे।

## भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने किया भगवान बिरसा मुंडा को याद



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** झारखंड स्थापना दिवस पर चिनिया रोड स्थित बिरसा मुंडा पार्क में भाजपा के नेताओं-कार्यकर्ताओं ने शनिवार को धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। भाजपा जिला अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो, भाजपा नेता डॉक्टर पातंजली केशरी, विनय चौबे सहित अन्य लोगों ने उद्यान के अंदर स्थित बिरसा मुंडा की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर देश की सेवा में तन-मन न्योछावर करने का संकल्प लिया। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने कहा कि आज ही के दिन वर्ष 2000 में बिहार से अलग होकर झारखंड अलग राज्य बना था। जबकि 15 नवंबर 1875 ई. को बिरसा मुंडा का जन्म उलिहातू में हुआ था, जो वर्तमान में खूंटी जिले में है। आज हम सभी भगवान बिरसा मुंडा के जन्म की 150वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ आदिवासियों को एकजुट करने में बिरसा मुंडा का योगदान सराहनीय है। ऐसे महानायक पर हमें गर्व है। जिसका पूरा देश सम्मान करता है। वहीं, भाजपा नेता डॉक्टर पातंजली केशरी ने कहा कि बिरसा मुंडा के प्रति लोगों के मन में जो सम्मान और श्रद्धा है इस बात का पता इसी से चलता है कि आदिवासी समाज में इन्हें भगवान का दर्जा प्राप्त है। बिरसा मुंडा के महत्व और उनके प्रति सम्मान भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान को दर्शाता आज पूरा देश बिरसा मुंडा के योगदान को समझ चुका है। वास्तव में वे धरती आबा थे। इस दौरान भाजपा युवा प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष विनय चौबे ने कहा कि झारखंड की मिट्टी में बिरसा के बलिदान की कहानी है। बिरसा मुंडा का नाम लेते ही झारखंडवासियों के मन में संघर्ष, शौर्य और बलिदान की छवि उभर जाती है। इस मौके पर अरविंद तूफानी, अब्दुल मन्नान, विनय चंद्रवंशी और विनय चौबे आदि उपस्थित थे।

## बिरसा मुंडा आदिवासी समाज की अस्मिता एवं अधिकारों के प्रतीक हैं : कमलेश सिंह गोड़

**केतार (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय आदिवासी महासभा के केतार प्रखंड इकाई की ओर से शनिवार को लोहिया समता उच्च विद्यालय परिसर में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती परंपरागत रूप से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत शोभायात्रा से हुई, जो लोहिया समता उच्च विद्यालय से निकलकर मीडिल स्कूल, आंबेडकर चौक और मुख्य बाजार होते हुए पुनः विद्यालय परिसर पहुंची। इस दौरान आंबेडकर चौक पर लोगों ने डॉ भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। शोभायात्रा के दौरान थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी पुलिस बल के साथ मुस्तैद रहे। वहीं, कार्यक्रम के दौरान समाज के लोग पारंपरिक वेशभूषा में मानर की थाम पर 'हमार सोना झारखंड' जैसे पारंपरिक गीतों पर खूब झूमे। इस अवसर पर कमलेश सिंह गोड़ ने कहा कि 'बिरसा मुंडा आदिवासी समाज की अस्मिता एवं अधिकारों के प्रतीक हैं। उनकी जयंती हमें एकजुट होकर उनके आदर्शों पर चलने की प्रेरणा देती है।' थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी ने कहा कि समाज में शांति और जागरूकता बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। बिरसा मुंडा के विचार आने वाली पीढ़ियों को सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता हीरा उरांव और संचालन छोटन कुमार सिंह ने किया।

## डीएवी लीलावचन पब्लिक स्कूल में बिरसा मुंडा जयंती पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** झारखंड स्थापना दिवस एवं भगवान बिरसा मुंडा जयंती के अवसर पर शनिवार को डीएवी लीलावचन पब्लिक स्कूल में सांस्कृतिक समारोह आयोजित हुआ। जिसकी शुरूआत निदेशक सुरेंद्र विश्वकर्मा ने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया। इस अवसर पर निदेशक ने कहा कि बिरसा मुंडा एक महान आदिवासी नेता, समाज सुधारक और स्वतंत्रता सेनानी थे। जिन्होंने ब्रिटिश सरकार के उत्पीड़न के खिलाफ 'उलगुलान' का नेतृत्व किया। उन्होंने आदिवासियों को एकजुट किया, उनकी भूमि और अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष किया और 'बिरसाइत' नामक एक नया धर्म चलाया। इस अवसर पर छात्रों ने धरती आबा के जीवन संघर्ष, उनके आंदोलन और समाज सुधार के संदेश पर आधारित नृत्य-नाटक, भाषण, गीत और कविता प्रस्तुत किए। इस मौके पर शिक्षक रिजवान अंसारी, बसंत कुमार यादव, नागेंद्र ठाकुर, पवन कुमार, अनुप्रम शमा, परवीन सूफियानहीद, अमिता कुमारी आदि उपस्थित रहे।

## बिहार में हुई एनडीए की प्रचंड जीत पर गढ़वा में भाजपाइयों ने मनाया जश्न



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की शानदार जीत पर गढ़वा में भाजपा नेताओं-कार्यकर्ताओं ने शहर के पुरानी बाजार स्थित घड़ा पट्टी, लोहा पट्टी, गला पट्टी, मुख्य पथ सहित अन्य जगहों पर व्यावसायियों सहित अन्य लोगों के बीच मिठाइयां बांटी और हर्ष व्यक्त करते हुए जीत की बधाई दी। बाजपा के जिला अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने कहा कि एनडीए ने 243 में से 202 सीट पर जीत दर्ज की है। इन 202 सीटों में से 89 सीट अकेले भाजपा ने जीती और राज्य की सबसे बड़ी पार्टी बन गयी। जबकि विपक्ष का सफाया हो गया। वहीं, डॉक्टर पातंजली केशरी ने कहा कि बिहार में राजग की जीत से डबल इंजन की सरकार बनी है। बिहार की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं सत्तारूढ़ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर भरोसा जताया है। वहां के मतदाता बधाई के पात्र हैं। भारत के विकास की गति को बढ़ाने के लिए झारखंड में भी इसी तरह के वातावरण की जरूरत है। इस मौके पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप, डेजी गुप्ता, खुशी, कैलाश कश्यप, शंभुनाथ केशरी, संतोष कुमार आदि उपस्थित थे।

## कस्तूरबा आवासीय विद्यालय की निकली प्रभात फेरी

**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित झारखंड राज्य स्थापना की रजत जयंती पर कस्तूरबा आवासीय विद्यालय के छात्रा एवं शिक्षकों की ओर से प्रभात फेरी निकाली गई। विद्यालय के वार्डन अमला प्रतिमा कुजूर ने बताया कि सरकार की गाइडलाइन के अनुसार 25वीं वर्षगांठ पर शनिवार को विद्यालय के विद्यार्थियों की ओर से कस्तूरबा आवासीय विद्यालय से इंदिरा गांधी चौक तक प्रभात फेरी निकाली गयी।

### डंडई में धूमधाम से मना बिरसा मुंडा जयंती एवं झारखंड स्थापना दिवस

# भगवान बिरसा की विरासत ही हमारी पहचान है: बीडीओ



भगवान बिरसा मुंडा को नमन करते लोग।

आजाद सिपाही संवाददाता

**डंडई।** प्रखंड कार्यालय सभागार में शनिवार को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती एवं झारखंड स्थापना दिवस समारोह श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत बीडीओ देवलाल करमाली, जिला परिषद सदस्य मोहन पासवान, उपप्रमुख प्रतिनिधि रामाशीष प्रसाद, डंडई मुखिया प्रतिनिधि महेश राम, बीडीसी प्रतिनिधि मिथिलेश प्रसाद, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष तेजबहादुर सिंह, पंचायत सेवक नरेश ठाकुर और लव चौधरी आदि ने भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। अपने संबोधन में बीडीओ देवलाल करमाली ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा सिर्फ झारखंड ही नहीं, बल्कि पूरे देश के आदिवासी समाज के महानायक हैं। उनकी सोच, संघर्ष और बलिदान के कारण ही आज आदिवासी समाज अपनी पहचान और अधिकार सुरक्षित रख पाया है। कहा कि स्थापना दिवस हमें याद दिलाता है कि झारखंड का विकास तभी संभव है जब गांव-गांव तक शिक्षा, स्वास्थ्य और आजीविका की मजबूत व्यवस्था पहुंचाई जाए। बीडीओ ने बताया कि प्रखंड प्रशासन पूरी निष्ठा से सरकार की योजनाओं को हर पंचायत तक पहुंचाने के लिए काम कर रहा है। इस मौके पर ब्लॉक के सभी अधिकारी, अंचल कर्मी, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी आदि उपस्थित थे।

### भगवान बिरसा मुंडा का त्याग और समर्पण देशवासियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा : निदेशक




**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** स्थानीय जीएन कॉन्वेंट(10+2) स्कूल में झारखंड स्थापना दिवस और भगवान बिरसा मुंडा की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक मदन प्रसाद केशरी एवं उपप्राचार्य बसंत ठाकुर ने संयुक्त रूप से भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। इस अवसर पर निदेशक मदन प्रसाद केशरी ने कहा कि झारखंड राज्य का गठन 15 नवंबर 2000 को देश के 28वें राज्य के रूप में हुआ था। वहीं, भगवान बिरसा मुंडा का जीवन त्याग, संघर्ष और अदम्य साहस का अदितीय प्रतीक है। उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा देने के साथ ही आदिवासी समाज के गौरव, अधिकार और अस्तित्व की रक्षा के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उनकी वीरता, उनके आदर्श एवं संस्कृति संरक्षण की पवित्र भावना आज भी जनजाति समाज की अस्मिता को सशक्त बनाती है। धरती आबा की अमर कथाएं आने वाली पीढियां को राष्ट्रभक्ति, कर्तव्यनिष्ठा और अपने मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध रहने की प्रेरणा देती रहेगी। इस मौके पर छात्र-छात्राओं के बीच निबंध, पेंटिंग एवं क्विज प्रतियोगिता कृष्ण कुमार, नीरा शर्मा एवं संतोष प्रसाद के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया मच संचालन खुर्शीद आलम, जबकि धन्यवाद ज्ञापन विकास कुमार ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक वीरेंद्र शाह, मुकेश कुमार, दिनेश कुमार, सरिता दुबे सुनीता कुमारी, नेहा कुमारी, चंदा कुमारी, वर्षा कुमारी, ऋषभ कुमार और पूजा प्रकाश आदि की भूमिका सराहनीय रही।

## मेराल में सम्मानित किये गये झारखंड आंदोलनकारी




**मेराल (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय परिसर में झारखंड राज्य स्थापना दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर 17 आंदोलनकारियों को सम्मानित किया गया। इससे पहले कार्यक्रम की शुरूआत भगवान बिरसा मुंडा की तस्वीर पर प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी, बीडीओ जसवंत नायक, थाना प्रभारी विष्णु कांत और उपप्रमुख निजामुद्दीन खां आदि ने पुष्पांजली अर्पित कर किया। इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख ने कहा कि आंदोलन की बदौलत ही झारखंड राज्य अलग बन पाया है। उन्होंने बिरसा मुंडा की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए वर्तमान पीढ़ी को आगे आने की बात कही। वहीं, बीडीओ ने सभी को शुभकामना देते हुए प्रखंड मुख्यालय पर आन्दोलनकारियों का नाम शिलापट्ट पर लिखे जाने की घोषणा की। मौके पर विनोद कुमार द्विवेदी, जवाहर पटवा, सुनील सिंह, आशुतोष शर्मा, गंगा प्रसाद अग्रवाल, केश्वर साव, छोटेलाल प्रसाद, महेंद्र प्रसाद, कुलदीप वियार, महेंद्र गुप्ता, रमेश प्रसाद, रामजी साव, शंभू साव, कमला देवी, पुनम देवी, मीना देवी सहित सभी 17 लोगों को पुष्प गुच्छ एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। जबकि मेराल प्रखंड के अन्य 6 लोगों को जिला स्तर पर सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रखंड नाजीर सुनिल कुमार, रिजवान अख्तर, अमीन रविकांत पांडेय, राजस्व कर्मचारी संजीव पांडेय, संजीव कुमार, निशांत कुमार, पंचायत सचिव शिल्पी कुमारी और राधा कुमारी आदि उपस्थित रहे।

## सरस्वती विद्या मंदिर में मनायी गयी भगवान बिरसा मुंडा की जयंती

**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में वंदना सभा के दौरान भगवान बिरसा मुंडा की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर आचार्य नीरज कुमार सिंह और सुधीर श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से धरती आबा बिरसा मुंडा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर समारोह का शुभारंभ किया। आचार्य सुधीर प्रसाद श्रीवास्तव ने कहा कि धरती आबा के नाम से प्रसिद्ध बिरसा मुंडा हमारे आदिवासी समाज के एक महान क्रांतिकारी नायक थे। उन्होंने मात्र 25 साल की छोटी सी उम्र में अंग्रेजों के खिलाफ एक विशाल विद्रोह का नेतृत्व किया और अपना जीवन आदिवासियों के अधिकारों, उनकी संस्कृति और पहचान के लिए समर्पित कर दिया। इस दौरान कक्षा प्रथम की बहनों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। इस मौके पर आचार्य कृष्ण कुमार पांडे, नंदलाल पांडे, अविनाश कुमार, सुजीत कुमार दुबे, सत्येंद्र प्रजापति, प्रसून कुमार, विक्रम प्रसाद, उमेश कुमार, रुपेश कुमार, ऋषिकेश तिवारी, अमन केरकेट्टा, दिनेश कुमार, प्रियंवदा, नीति कुमारी, नेहा कुमारी, रेणु पाठक, सलोनी कुमारी और खुशबू सिंहल आदि उपस्थित थे।

## झारखंड स्थापना दिवस पर रंका में बीडीओ-सीओ ने किया पौधरोपण

**रंका (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य स्थापना के 25वीं वर्षगांठ पर रंका प्रखंड परिसर में बीडीओ शुभम बेला तोपनों, सीओ शिवपूजन तिवारी एवं प्रमुख अनुभा सिंह ने संयुक्त रूप से पौधारोपण किया । इस दौरान चार दिव्यांगों के बीच व्हीलचेयर का वितरण किया। इस अवसर पर बीडीओ ने कहा कि वृक्षारोपण पर्यावरण संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण है। झारखंड राज्य स्थापना के उपलक्ष्य में प्रकृति के प्रति अपने कर्तव्यों को पूरा करने के लिए पौधारोपण करना आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणादायक है। वहीं, सीओ शिवपूजन तिवारी ने कहा कि दिव्यांग जन समाज के अभिन्न अंग हैं। उनके सम्मान, सुविधा और अधिकारों की रक्षा करना पहली प्राथमिकता है। इस मौके पर गढ़वा विधिक सेवा प्राधिकरण के रंका प्रखंड पीएलवी कैमुद्दीन अंसारी, मानपुर पंचायत के पीएलवी अमरेन्द्र कुमार, राजेश चौधरी, मनरेगा बीपीओ हासिम अंसारी, प्रखंड पंचायत राज समन्वयक कीर्ति गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## घर में मृत मिला विद्युतकर्मी, शोक



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** विद्युत कर्मी सुनील कुमार (46) का आकस्मिक निधन हो गया। वे विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल गढ़वा 2 ( रंका) में कनीय सारणी पुरुष के पद पर कार्यरत थे। उनका निधन विभागीय आवास गढ़वा के विशुनपुर स्थित विद्युत कॉलोनी में शुक्रवार की रात हो गया। वे मूल रूप से पश्चिम बंगाल के मेदिनीनगर के रहने वाले थे। जानकारी के मुताबिक वे लंबे समय से उच्च रक्तचाप से पीड़ित थे। फिलहाल गढ़वा स्थित आवास में वे अकेले थे। उनके परिवार के सदस्य बाहर गये थे। इसी बीच शनिवार की सुबह उन्हें अपने आवास पर अमृत पाया गया। उनका अंतिम संस्कार इस दिन गढ़वा स्थित सरस्वती नदी के तट पर किया गया। जिसमें परिजनों सहित विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मी शामिल हुए।

## विंढमगंज में मनायी गयी भगवान बिरसा मुंडा की जयंती

**सगमा (आजाद सिपाही)।** झारखंड-यूपी की सीमा पर स्थित विंढमगंज में भगवान बिरसा मुंडा की 150िं जयंती धूमधाम से मनायी गयी। जिसका आयोजन संतोष सिंह गौड़ के नेतृत्व में हुआ। इसमें विभिन्न ग्रामीण अंचल से आए स्कूली बच्चों ने आदिवासी नृत्य कर उपस्थित लोगों का दिल जीत लिया।

### हूर आरके पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

# आज के बच्चे ही कल के भविष्य हैं : अलख नाथ

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** हूर स्थित आरके पब्लिक स्कूल में शनिवार को विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर सुबह से ही उत्साह, रंगों और रचनात्मकता से सराबोर था। कक्षा यूकेजी से 7वीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ प्रदर्शनी में भाग लिया। बच्चों द्वारा तैयार वैज्ञानिक मॉडल और प्रयोगों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक अलख नाथ पाण्डेय, मुख्य अतिथि टी अर्फिन, एडमिनिस्ट्रेटर पीके झा, प्रधानाचार्या नरसिन हक और रामकरेश चौबे ने संयुक्त रूप से किया। इसके बाद अतिथियों ने विभिन्न कक्षाओं के स्टॉलों का निरीक्षण किया और बच्चों की प्रतिभा की सराहना की। विद्यार्थियों ने अलग-अलग वैज्ञानिक सिद्धांतों पर आधारित मॉडल प्रस्तुत किए, जिनमें प्रमुख रूप से जल संरक्षण, अक्षय ऊर्जा, सौर ऊर्जा, पर्यावरण संरक्षण, स्मार्ट सिटी इत्यादि विषय शामिल था। इस अवसर पर अपने संबोधन में निदेशक अलख नाथ पाण्डेय ने कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी का उद्देश्य बच्चों में वैज्ञानिक चेतना का विकास करना, उनकी रचनात्मक सोच को बढ़ाना और भविष्य के युवा वैज्ञानिकों को तैयार करना है। कहा कि आज के बच्चे ही कल के भविष्य हैं। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे विद्यालय की ओर से दिए गए मार्गदर्शन, सुझावों और गतिविधियों पर विशेष ध्यान दें, ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके।

## अग्रवाल परिवार ने सैकड़ों गरीबों को 'खिलाया खाना

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** अग्रवाल परिवार की ओर से लगातार 96वें सप्ताह सैकड़ों गरीब लोगों के बीच भोजन का वितरण किया गया। इस साप्ताहिक आयोजन को हर शनिवार को नियमित रूप से रंका मोड़ स्थित संकट मोचन मंदिर परिसर में किया जाता है। इस में आशुतोष अग्रवाल, हर्ष अग्रवाल, पुरुषोत्तम अग्रवाल, सौम्य श्रेष्ठ, उत्कर्ष अग्रवाल, अथर्व अग्रवाल, रुद्राछ अग्रवाल, सुखाडी बैठा सहित पूरे परिवार ने निष्ठा से भोजन का वितरण किया।

## अनामिका सिंह ने हासिल की पीएचडी की उपाधि



**हरिहरपुर (आजाद सिपाही)।** स्थानीय बस्ती निवासी सुनील कुमार सिंह की पुत्री अनामिका सिंह ने अपनी उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रतिभा के दम पर झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय से शिक्षा विषय में पीएचडी की उपाधि प्राप्त कर पूरे क्षेत्र का मान बढ़ाया है। शनिवार को आयोजित समारोह में उन्हें डॉक्टरेट की डिग्री प्रदान की गई, जिसके बाद गांव में खुशी का माहौल है। डॉ अनामिका सिंह की शिक्षा यात्रा बेहद प्रेरणादायी रही है। उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से बीए, बीएड, एमए और एमएड की डिग्रियां प्राप्त कीं। साथ ही, दिल्ली विश्वविद्यालय की बी एड गोल्ड मेडलिस्ट होकर अपनी मेधा और परिश्रम का परचम लहराया है। अनामिका के पिता भारतीय वायुसेना के वीर जवान हैं, जिन्हें अपनी सेवा के लिए राष्ट्रपति वीरता पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है। वहीं उनके भाई एवं भाभी दोनों दिल्ली में सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता हैं। शैक्षणिक उपलब्धियों के साथ ही डॉ अनामिका का अपने गांव से गहरा लगाव है। वे समय-समय पर हरिहरपुर स्थित हाई स्कूल जाकर बच्चों को मार्गदर्शन और प्रेरणा देती हैं। उनकी इच्छा है कि ग्रामीण बच्चों तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचे और गांव में शैक्षणिक जागरूकता बढ़े।

## जमीनी विवाद में हुए झड़प में दो घायल

**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के कुरून गांव में जमीनी विवाद को लेकर हुए झड़प में दो लोग घायल हो गये। उनकी पहचान कुरून गांव निवासी स्व दशरथ सिंह के 27 वर्षीय पुत्र दुबेस सिंह और दूसरे पक्ष के लालमुनि यादव के रूप में हुई है। घायल दुबेस सिंह ने बताया कि अपने पूर्वजों की भूमि पर परिवार की ओर से धान की फसल लगायी है जिसे गांव के ही लालमुनी यादव ने काटने की कोशिश की। मना करने पर हमला कर दिया। किसी तरह भागकर अपनी जान बचायी। उधर, दोनों घायलों ने भंडरिया थाने में एक-दूसरे के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने को लेकर आवेदन दिया है।

**शपथ पत्र**



मैं, आईसा बीबी पति मुमताज अंसारी, निवासी ग्राम - मेढ़ारी, डाकघर - हामी, थाना - महुआडांड, जिला - लातेहार, झारखंड, पिन कोड - 822119 । शादी से पहले मुझे अर्चना खलखो, पिता अब्राहम खलखो के नाम से जाना जाता था । शादी के बाद मुझे आईसा बीबी पति मुमताज अंसारी के नाम से जाना जाएगा। अर्चना खलखो और आईसा बीबी एक ही व्यक्ति हैं। दोनों मेरे नाम हैं और मैं शपथ पत्र संख्या 33073, दिनांक 14.11.2025 के अनुसार मै एक ही व्यक्ति के रूप में पहचानी व जानी जाऊंगी।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

**ई–निविदा नोटिस सं०– एस०जी०–डी०एस०ई०–ओ०टी०–08–25**

वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियन्ता, पूर्व मध्य रेल, राष्ट्रपति के तरफ से ई–निविदा, अनुभवी ठेकेदार से निर्मित फार्म में नीचे दिए गए कार्यो के लिए आमंत्रित करती है।

**1. कार्य का नाम एवं स्थान :** एसोसिएटेट एस एंड टी वर्क फॉर मैरियस इंजीनियरिंग आरजीएम, डाउन टीएसआर (पी), टीबीआर, टीएफआर, टीडब्लूआर, सीटीआर (पी), टीआरआर (पी), टीएसआर (पी), सीटीआर (एस/पी), एसएल–आईएसडी (पी) एंड ट्रैक मशीन साईडिंग वर्क्स ईन डीडीयू डीविजन। **2. कार्य का अनुमानित मूल्य :** ₹2,21,58,246.61/– (दो करोड़ इक्कीस लाख अन्ठावन हजार दो सौ छियालिस रूपये एवं इकसठ पैसे मात्र)। **3. धरोहर राशि :** ₹2,60,800/– (दो लाख साठ हजार आठ सौ रूपये मात्र)। **4. ई–निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** दिनांक 05/12/2025 को 12:30 तक। **5. वेबसाईट का पता जहाँ से ई–निविदा का पूर्ण विवरण देखा जा सकता है :** www.ireps.gov.in

व०मं०सं० एवं दू०सं० अभि०

पूर्व मध्य रेल, पं० दीन दयाल उपाध्याय

पीआर/1282/डीडीयू/एस&टी/टी/25–26/32

**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Ref. No. 5073 date 13.11.2025, I Odil Topno, W/o Lalu Tono, Present address:- Quatar No. 119, Nagarmal Modi Seva Sadan Hospital, Upper Bazar, Ranchi Permanent address :- Baski, Torpa, Khunti, Dist- Ranchi, do hereby solemnly affirm and declare as under:
1. That I am citizen of India by birth.
2. That my Actual Name is 'Odil Topno' but in Aadhar card my name is mentioned 'Maria Salomi Odil Bhengra' that is wrong.
3. That my actual Date of Birth is 01/09/1978 in my All Documents but in Aadhar Card my Date of Birth is mentioned 01/09/1973 that is Wrong.
4. That the present affidavit is Purpose name correction 'Maria Salomi Odil Bhengra' to 'Odil Topno' and date of birth 01/09/1973 to 01/09/1978.
5. That all above statement are true and correct.

**पूर्व मध्य रेल**

**विद्युत (परिचालन) विभाग, धनबाद से सम्बंधित कार्य हेतु खुले ई–निविदा के लिए निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत/परिचालन), पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन हेतु सक्षम संविदाकारों से ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

**ई–निविदा संख्या :** GEM/2025/B/6887262, dated 13/11/2025, **क्रम सं० : 1. कार्य का नाम, स्थान एवं समापन की अवधि :** धनबाद मंडल के गोमो और हजारीबाग टाउन स्टेशनों पर लोकोमोटिव में आर डी एस ओ विनिर्देश AAR M-916-51 के अनुसार 01 वर्ष के लिए बालू की आपूर्ति और भरने हेतु। **2. कार्य के लिए प्राक्कलित राशि :** रु. 1,07,76,465.00, **3. अग्रधन राशि :** रु. 2,03,900.00, **4. ई–निविदा बंद होने और खुलने की तिथि एवं समय :** ई–निविदा का बंद होना : 04.12.2025 को 17:00 बजे, ई–निविदा का खुलना : 04.12.2025 को 17:30 बजे, **5. वेबसाईट का विवरण :** वेबसाईट: http://gem.gov.in विशेषः ई–निविदा के तहत किसी भी प्रकार के मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत/परि०)

पूर्व मध्य रेल, धनबाद

पीआर/1284/डीएचएन/ईएलईसीटी/टी/25–26/36

**AFFIDAVIT**



As per Affidavit Ref. No. 4989 date 12.11.2025, I, Tushal Kumar Ram Son of Dinesh Ram, Resident of 89, Shiv Shanti Nagar, Teliya Basti, Ward - 10, Jhumri Tailaiya, District Koderma, Jharkhand - 825409, do hereby solemnly affirm and declare that the statements made hereinbelow are true to the best of my knowledge, information and belief :-
1. THAT I am Citizen of India.
2. THAT I am living at my above mentioned address.
3. THAT my actual and correct name is Tushal Kumar Ram Which is mentioned in my educational documents of Matriculation and Intermediate, Matriculation.
4. THAT in my AADHAR CARD, which Aadhar Number is 6408 4962 6230 my name is written as Tushal Ram which in correct/wrong.
5. THAT Tushal Kumar Ram and Tushal Ram is the same and one person which is my name.
6. THAT the purpose of this Affidavit for correction my name in my AADHAR CARD.

**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Ref. No. 6795 date 24.10.2025, I. VINAY SAW, S/o Sunil Saw, by faith-Hindu, by occupation-Stundent, Resident of Village - Tulbul, Manjhi Tola, Ward No.- 6, Post-Hariyamo, P.S. Gomis, Distict-Bokaro (Jharkhand) -Pin No.-829111 do hereby solemnly affirm and declare as follows:- 1. That, my Nationality is Indian. 2. That, in my Aadhar card No. 3907 0685 5110 my name is mentioned as BINAY SAW.
3. That, I have passed CBSE Examination in 2022 year from DAV Public School, TTPS Lalpania, District-Bokaro (Jharkhand). In my all educational certificates my name is mentioned as VINAY SAW. 4. That, my real and correct name is VINAY SAW.
5. That, BINAY SAW and VINAY SAW both name same and one person i.e. myself. 6. That, I want to correct or rectify in my name in my above said Aadhar car no. 3907 0685 5110 as VINAY SAW in place of BINAY SAW. 7. That, all contents make above are true and correct to the best of my knowledge and belief. If found false then I liable to punish according to law.

# एकतरफा नतीजा

बिहार में इतने एकतरफा नतीजे की उम्मीद किसी को नहीं रही होगी। चुनाव प्रचार के दौरान जो लड़ाई टक्कर की दिख रही थी, वह आखिर में केवल भ्रम साबित हुई। जनता ने न महागठबंधन के बदलाव के नारे पर यकीन किया और न ही प्रशांत किशोर की अलग राजनीति पर भरोसा जताया। आंकड़ों का विश्लेषण होता रहेगा, लेकिन मोटे तौर पर यह परिणाम कई संदेश देता है। पहला, इस चुनाव का माहौल बनना शुरू हुआ था एसआइआर से और आखिर में जंगलराज पर आकर टिक गया। महागठबंधन ने एसआइआर को वोट चोरी के रूप में पेश किया। प्रक्रिया के दौरान आम लोगों को जिस तरह की दिक्कत आयी, उससे ऐसा माहौल बना भी कि जनता में नाराजगी बढ़ रही है। लेकिन, लगता है कि आखिर में जनता ने इसे एक जरूरी प्रक्रिया समझ कर स्वीकार किया। दूसरा, इलेक्शन में एनडीए की ओर से सबसे ज्यादा कोई शब्द सुनाई पड़ा, तो वह था जंगलराज। यह लड़ाई अतीत की याद बनाम भविष्य के बीच भी थी। और केवल इसी बार नहीं, पिछले दो दशकों में बिहार में हुए हर चुनाव पर लालू-राबड़ी यादव के शासनकाल की छाया रही है। दोनों ही सक्रिय राजनीति में नहीं हैं, लेकिन एनडीए ने उन्हें चर्चा में बनाये रखा। तेजस्वी यादव पूरे समय इसी नैरेटिव को तोड़ने में लगे रहे कि वक्त बदल चुका है और वह दौर अब नहीं लौटेगा। उन्होंने उल्टे अपराध पर नीतीश सरकार को घेरने की कोशिश की, पर सफल नहीं रहे। तीसरा, नीतीश कुमार के लिए 20 बरसों में यह पहला विधानसभा चुनाव था, जहां वह गठबंधन का तो चेहरा थे, पर सीएम पद के उम्मीदवार नहीं। उनके खराब स्वास्थ्य को लेकर भी अटकलें होती रहीं। लेकिन, परिणाम ने साबित किया है कि नीतीश अब भी बिहार के सबसे बड़े पॉलिटिकल ब्रैंड हैं। वह अब तक नौ बार सीएम पद की शपथ ले चुके हैं, कई बार उन्होंने पाला बदला, लेकिन जनता का यकीन उन पर बना हुआ है। इसकी बड़ी वजह उनकी बेदाग छवि भी है। चौथा, बिहार के सामने सबसे बड़ा सवाल था कि क्या यह बदलाव का समय है और विकल्प कौन हैं? दोनों चरणों में रिकॉर्ड मतदान हुआ। यह संकेत था कि परिणाम भी ऐतिहासिक होगा। पांचवां, यह चुनाव याद रहेगा फ्रीबीज की घोषणा के लिए। पहली बार बिहार ने इस तरह के ऐलान देखे, जहां दोनों तरफ से होड़ मची हुई थी। दोनों खेमों ने महिलाओं और युवाओं पर फोकस किया। आमतौर पर महिलाओं को शराबबंदी की वजह से नीतीश समर्थक माना जाता है। फिर चुनाव से ऐन पहले करीब डेढ़ करोड़ महिलाओं के खाते में 10 हजार रुपये भेजे गये, जो अहम फैक्टर साबित हुआ। तेजस्वी ने हर घर में सरकारी नौकरी का वादा जरूर किया, लेकिन यह सवाल आखिर तक उनके पीछे लगा रहा कि वह इसे पूरा कैसे करेंगे। छठा, जनसुराज, एआइएमआइएम और दूसरे छोटे दलों को निराशा मिली। प्रशांत किशोर के लिए खास कर यह बड़ा झटका है। हालांकि उनकी पार्टी के लिए यह पहला मौका जरूर था, लेकिन वह कई दूसरे दलों को चुनाव लड़ा चुके हैं - इसी वजह से उन्हें लेकर उत्सुकता ज्यादा थी।

**दोनों खेमों ने महिलाओं और युवाओं पर फोकस किया। आमतौर पर महिलाओं को शराबबंदी की वजह से नीतीश समर्थक माना जाता है। फिर चुनाव से ऐन पहले करीब डेढ़ करोड़ महिलाओं के खाते में 10 हजार रुपये भेजे गये, जो अहम फैक्टर साबित हुआ।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**बिहार में भाजपा और राजग गठबंधन की जीत से कई संदेश निकले हैं। माना जा रहा है कि एनडीए की जीत में महिलाओं की बड़ी भूमिका रही ही है। पुरुषों की तुलना में महिलाओं ने वोट भी खूब किया। चुनाव आयोग द्वारा जारी आंकड़ों की मानें तो पुरुषों की तुलना में मतदान करने वाली महिलाओं की संख्या बिहार चुनाव में 8.15 फीसदी ज्यादा रही। इस बार मतदान में पुरुषों की हिस्सेदारी 62.96 फीसदी रही, जबकि 71.78 फीसदी महिलाएं वोट डालने निकलीं।**

# यह 200 पार तो 400 पार का मिटायेगा दर्द

अकु श्रीवास्तव

बिहार चुनाव के नतीजे केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा और जनता दल यूनाइटेड जद-(यू) के लिए उम्मीद से बढ़ कर हैं। एग्जिट पोल जो जीत बता रहे थे, उससे भी कहीं बढ़ कर है। वह भी तब, जब गृहमंत्री अमित शाह खुद इस गठबंधन के लिए अधिकतम 160 सीटों की जीत की संभावना बता चुके थे। इस बार तो भाजपा के नेतृत्व वाला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) 243 सदस्यीय विधानसभा में 200 सीटें पार कर गया है। यह 200 पार भाजपा के लिए पिछले लोकसभा चुनाव के नारे अब की बार 400 पार के नारे को पूरा न हो पाने की तकलीफ को कम करता है।

बिहार में भाजपा और राजग गठबंधन की जीत से कई संदेश निकले हैं। माना जा रहा है कि एनडीए की जीत में महिलाओं की बड़ी भूमिका रही ही है। पुरुषों की तुलना में महिलाओं ने वोट भी खूब किया। चुनाव आयोग द्वारा जारी आंकड़ों की मानें तो पुरुषों की तुलना में मतदान करने वाली महिलाओं की संख्या बिहार चुनाव में 8.15 फीसदी ज्यादा रही। इस बार मतदान में पुरुषों की हिस्सेदारी 62.96 फीसदी रही, जबकि 71.78 फीसदी महिलाएं वोट डालने निकलीं। भले ही कुल आबादी में महिला वोटरों की संख्या पुरुषों से कम है, मगर उन्होंने पुरुषों की तुलना में ज्यादा वोट कर जनादेश को अपनी इच्छा के मुताबिक मोड़ दिया। बिहार के कुल 7.45 करोड़ मतदाताओं में 3.93 करोड़ पुरुष और 3.51 करोड़ महिलाएं हैं। महिलाओं की आर्थिक समृद्धि की ओर नीतीश सरकार का ध्यान पहली बार की सत्ता यानी 2005 से ही रहा है। सबसे पहले उन्होंने आर्थिक रूप से पिछड़ी महिलाओं के लिए जीविका नाम की योजना शुरू की थी जो महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम थी। इसके बाद शराब बंदी ने महिलाओं के बीच नीतीश कुमार की लोकप्रियता को बढ़ाया और अब चुनाव के ठीक पहले मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत महिलाओं के खाते में 10-10 हजार रुपए ट्रांसफर किये।

**पहले 75 लाख महिलाओं के खाते में यह पैसा डाला गया और उसके बाद यह आंकड़ा बढ़ कर 1.5 करोड़ तक हो गया।**



**भले ही कुल आबादी में महिला वोटरों की संख्या पुरुषों से कम है, मगर उन्होंने पुरुषों की तुलना में ज्यादा वोट कर जनादेश को अपनी इच्छा के मुताबिक मोड़ दिया। बिहार के कुल 7.45 करोड़ मतदाताओं में 3.93 करोड़ पुरुष और 3.51 करोड़ महिलाएं हैं। महिलाओं की आर्थिक समृद्धि की ओर नीतीश सरकार का ध्यान पहली बार की सत्ता यानी 2005 से ही रहा है।**

पहले 75 लाख महिलाओं के खाते में यह पैसा डाला गया और उसके बाद यह आंकड़ा बढ़ कर 1.5 करोड़ तक हो गया। वैसे विपक्ष यह आरोप लगाता रहा है कि चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद भी महिलाओं के खाते में 10-10 हजार रुपए ट्रांसफर किये गये।

चुनाव आयोग के पास इसकी शिकायत भी गयी मगर उसने इसे ऑनगोइंग स्कीम कहा। आयोग ने यह भी कहा कि जब एक बार योजना शुरू हो जाती है, तो उसको रोकने का काम उसका नहीं है। यह महिलाओं के लिए काफी आशाजनक था और एक तरह से महिलाओं ने 6 नवंबर को पहले चरण और 11 नवंबर को दूसरे चरण के मतदान में भर-भर के वोट दिये। मतदान केंद्रों पर महिलाओं की लंबी-लंबी कतारें देखी गयीं। इन कतारों ने बिहार की तस्वीर बदल दी। बिहार में यह भाजपा का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। वह अकेले दम पर 90 से ज्यादा सीटों पर कब्जा कर सबसे बड़ी पार्टी बन कर उभरी है। 2020 में हुए पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 74 सीटें अवश्य जीती थीं, मगर राजद 75 सीटें जीत कर सबसे बड़ा दल रहा था। 2010 के विधानसभा चुनाव में भी भारतीय जनता पार्टी ने 91 सीटों पर कब्जा किया था। इस बार आसार इस सीमा को पार कर लेने के हैं।

लोकतंत्र में विपक्ष का मजबूत होना जरूरी माना जाता है, लेकिन इस चुनाव में तो ऐसा नहीं दिख रहा। राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस के प्रभुत्व वाले महागठबंधन में नेतृत्वहीनता और समन्वय की कमी साफ दिखी। आप इसका पूरा दोष तेजस्वी यादव और कांग्रेस के प्रमुख नेता राहुल गांधी पर लगा सकते हैं। यूं तो राहुल गांधी ने अपनी बिहार यात्रा के शुरुआती दौर में कुछ उम्मीदें जतायी थीं, लेकिन बाद में उन उम्मीदों पर पानी फिर गया जब वह यात्रा करने के लगभग एक माह तक चुनावी परिदृश्य से नदारद रहे। इसी दौरान चुनाव के शुरुआती दौर में राजद और कांग्रेस के बीच नेतृत्व और चेहरे को लेकर विवाद हुआ। उसे मतदाताओं ने गंभीरता से लिया। गठबंधन के तमाम सहयोगी दलों में सीटों को लेकर खींचतान चलती रही। महागठबंधन के नेता नये समीकरणों को समझने में पूरी तरह चूक गये। कांग्रेस पार्टी में टिकट वितरण को लेकर भी खुलकर नाराजगी जताई गयी। टिकट बेचने के आरोप लगे और पूरे समीकरण बिगड़ गये।

प्रशांत किशोर ने पूरे बिहार में घूम-घूम कर जो मुद्दे खड़े करने की कोशिश की थी, उनका शुरुआती असर तो देखने को मिला, लेकिन उनकी जनसुराज पार्टी का प्रदर्शन बता रहा है कि बेरोजगारी, पलायन और विकास जिसे प्रशांत किशोर बिहार में बहुत बड़ा मुद्दा समझ रहे थे, बहुत आगे तक नहीं ले जा सके। बेरोजगारी बिहार के लिए बड़ा मुद्दा है लेकिन उसका हाल कैसे होगा, इस बात को वह जनता तक ठीक से पहुंचा नहीं सके। चुनाव के विस्तृत नतीजे तो बाद में आयेंगे, लेकिन फौरी तौर पर लगता है कि जनसुराज पार्टी को नोटा से भी कम वोट मिलेंगे। बिहार में नोटा को 1.82 फीसदी वोट मिले हैं। जहां तक वोट प्रतिशत की बात है, तो आरजेडी को ज्यादा बड़ा झटका नहीं लगा है। उसका अपना वोट जनाधार अब भी कायम दिख रहा है। वैसे इस नतीजे से यह साबित होता है कि राष्ट्रीय जनता दल सीट के गणित पर काम नहीं कर पायी।

कांग्रेस को इस बार एक फीसदी वोट की चोट लगी है। वह बिहार में इससे भी बड़ी चोट खाने की आदी है। भाजपा को करीब डेढ़ फीसदी वोट का फायदा हुआ है। इससे करीब 20 सीटें बढ़ी हैं। वोट शेयर में सबसे ज्यादा फायदा जनता दल-यू को हुआ है। नीतीश कुमार के वोट शेयर में 3.5 फीसदी का उछाल है। पिछले चुनाव में जद-(यू) को 15.3 फीसदी वोट मिले थे, जबकि इस बार उसका वोट प्रतिशत 18.8 से ज्यादा है। बिहार चुनाव कई संदेश दे रहा है। सबसे बड़ा संदेश यही है कि भाजपा के लिए यह जीत लोकसभा के 400 पार के नारे की भरपाई करने वाली है।

## कोल्हान की खबरें

# जुगसलाई में अपराध से पूर्व ही बदमाश गिरफ्तार




### हथियार और 5 जिंदा गोलियां बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** जुगसलाई पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर शुक्रवार देर रात कार्रवाई करते हुए अपराध की योजना बना रहे बदमाश को दबोच लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से एक देशी हथियार और 5 जिंदा गोलियां बरामद की। शनिवार को सिटी एसपी कुमार शिवाशीष ने मामले का खुलासा किया।उन्होंने बताया पुलिस टीम जैसे ही जुगसलाई गरीब नवाज कॉलोनी पहुंची स्कूटी सवार एक युवक पुलिस को देख भागने लगा। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे मौके पर ही पकड़ लिया। तलाशी के दौरान आरोपी की कमर से एक हथियार, स्कूटी की डिक्की से 3 जिंदा गोलियां, पैकेज से एक गोली और हथियार में एक गोली के अलावा मोबाइल और स्कूटी जब्त कर लिया। उन्होंने बताया गिरफ्तार आरोपी की पहचान गरीब नवाज कॉलोनी निवासी मो. इकबाल के रूप में हुई। उसके खिलाफ 2023 में जुगसलाई थाना में मामला दर्ज हुआ था, जिसमें वह जेल भी जा चुका है। फिलहाल आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।छापेमारी टीम में एसआइ कृष्ण कुमार यादव, सुमित लकड़ा, गोपाल कुमार, गौतम कुमार, मुकेश कुमार साव, एएसआइ दूधनाथ राम और बिजेंद्र सहनी शामिल रहे।

# विधायक सोनाराम सिंकू ने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया नमन



**जगन्नाथपुर (आजाद सिपाही)।** आयुर्वेदिक कॉलेज सह अस्पताल परिसर में किसान विकास समिति साननंदा द्वारा भगवान बिरसा मुंडा जयंती सह झारखंड राज्य के 25वें स्थापना दिवस पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक व उपमुख्य सचेतक सोनाराम सिंकू शामिल हुए। समिति के अध्यक्ष रंजीत गागराई के नेतृत्व में विधायक का पारंपरिक ढोल नगाड़ों से स्वागत किया गया।मौके पर विधायक ने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पूजा-अर्चना कर पुष्प अर्पित करते हुए नमन किया। उन्होंने झारखंड आंदोलनकारी पार्क का निरीक्षण किया और आंदोलनकारी को याद करते हुए राज्य निर्माण के कठिन संघर्षों को साझा किया।कार्यक्रम में स्वर्गीय कानुराम लागुरी को भी श्रद्धांजलि दी गई। उनके फोटो पर पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन रखा गया और ग्रामीण समाज में उनके योगदान को याद किया गया।

# बिरसा मुंडा की जयंती पर विधायक पूर्णिमा साहू ने किया माल्यार्पण

### जनजातीय गौरव दिवस पर दी शुभकामनाएं

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा जनजातीय गौरव दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू ने बिरसानगर संडे मार्केट परिसर स्थित आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर धरती आबा को नमन किया। कार्यकर्ताओं ने बिरसा मुंडा अमर रहेह्व और भारत माता की जय के नारे लगाये। इसके साथ ही हुल क्रांति के नायक सिदो-कान्हू की प्रतिमा पर भी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।



विधायक ने झारखंड स्थापना दिवस के 25 वर्ष पूर्ण होने पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बिरसा मुंडा का जीवन संघर्ष, स्वाभिमान और अदम्य साहस का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि जल-जंगल-जमीन की रक्षा के लिए उनका बलिदान सदैव याद रखा जायेगा।

पूर्णिमा साहू ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जनजातीय गौरव दिवस ने जनजातीय समाज के संघर्षमयी इतिहास को राष्ट्रीय सम्मान दिलाया है। उन्होंने यह भी कहा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने बिरसा मुंडा की जयंती पर ही झारखंड की वर्षों पुरानी मांग को पूरा किया था। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार,मंडल अध्यक्ष बबलू गोप समेत बड़ी संख्या में भाजपा नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# राजनगर के खैरबानी में एकलव्य मॉडल स्कूल का पीएम मोदी ने किया ऑनलाइन शिलान्यास



**राजनगर (आजाद सिपाही)।** सरायकेला-खरसावां जिले के राजनगर प्रखंड अंतर्गत खैरबानी ग्राम में प्रस्तावित एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय का ऑनलाइन शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया। शनिवार को शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्य अथिति पूर्व मुख्यमंत्री सह स्थानीय विधायक चंपाई सोरेन, विशिष्ट अथिति सिंहभूम की सांसद जुबा मांझी शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के स्वागत से हुई, जहां उन्हें गुलदस्ते और अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सांसद जुबा मांझी ने कहा एकलव्य मॉडल स्कूल आदिवासी समुदाय के बच्चों के लिए शिक्षा का नया द्वार खोलने वाला साबित होगा। इससे ग्रामीण और आदिवासी छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में बड़ी प्रगति होगी। कार्यक्रम के दौरान पूरे क्षेत्र में उत्साह और गर्व का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर जिला परिषद अध्यक्ष सोनाराम बोदरा, जिला परिषद सदस्य, स्थानीय प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# मिथिला मोटर्स में लगा रक्तदान शिविर



**आदित्यपुर (आजाद सिपाही)।** मिथिला मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड में शनिवार को कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व के तहत द्वितीय वर्ष भी ब्रह्मानंद नारायणा ब्लड सेंटर के सहयोग से रक्तदान शिविर लगाया गया। इसमें कंपनी के कर्मियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। पिछले वर्ष 100 यूनिट रक्त संग्रह किया गया था, जबकि इस वर्ष 150 यूनिट रक्त संग्रह का लक्ष्य रखा गया था। कंपनी के एचआर हेड मदन कुमार ने कहा कर्मचारियों में रक्तदान को लेकर उत्साह देखने को मिल रहा है। यह शिविर हर वर्ष आयोजित किया जायेगा। उन्होंने कहा रक्तदान से बड़ा कोई महादान नहीं है, इससे आपात स्थिति में जरूरतमंदों को जीवनदान मिलता है। शिविर को सफल बनाने में कंपनी के वीपी राजेश पटेल, सीएफओ शिवदत्त शर्मा, वरीय एचआर प्रबंधक मदन कुमार के साथ सागर कुमार साहू, एम आलम, आशीष कुमार, पवन प्रसाद, अमन कुमार, आरके श्रीवास्तव, हनी हुसैन, डीके सिंह, नितेश कुमार, बी लाल, राजीव सुभाष राजेश सहित अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों ने महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# धरती आबा की विरासत हमें न्याय, सम्मान और अधिकारों के लिए लड़ना सिखाती : संजीव सरदार



**पोटका (आजाद सिपाही)।** भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर पोटका विधानसभा क्षेत्र में श्रद्धा और उत्साह का माहौल देखने को मिला। शनिवार को पोटका विधायक संजीव सरदार ने हल्दीपोखर बाजार में बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया और हाथीविंदा पंचायत के कोकदा धूमकुड़िया भवन में आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। विधायक श्री सरदार ने कहा धरती आबा की विरासत हमें न्याय, सम्मान और अधिकारों के लिए संघर्ष करना सिखाती है।वही विधायक संजीव सरदार ने डुमुरिया प्रखंड के बड़ा बोतला बहादुरपुर पहुंचे, जहां आयोजित कार्यक्रम में भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि दी। संबोधन में उन्होंने कहा बिरसा मुंडा का संघर्ष संपूर्ण मानवता के लिए प्रेरणा है और उनके बताए मार्ग पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रमों में झामुमो के आंदोलनकारी नेता, प्रखंड प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# टाटा स्टील नोआमुंडी में विश्व मधुमेह दिवस पर स्वास्थ्य शिविर लगाया, 77 लोगों ने लिया लाभ



**नोआमुंडी (आजाद सिपाही)।** विश्व मधुमेह दिवस पर टाटा स्टील फाउंडेशन की पब्लिक हेल्थ टीम ने टीएमएच नोआमुंडी की मेडिकल टीम के सहयोग से उड़सिया गांव स्थित कम्युनिटी शेड में विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। शनिवार को आयोजित शिविर का उद्देश्य समुदाय को निवारक, प्रोत्साहन एवं उपचारात्मक सेवाएं उपलब्ध कराना और मधुमेह को लेकर जागरूकता बढ़ाना था। इस वर्ष की थीम जीवन के विभिन्न चरणों में मधुमेह: एकीकृत देखभाल को मजबूत करना रही। जिसके तहत सभी आयु वर्ग में मधुमेह प्रबंधन के लिए निरंतर और व्यापक देखभाल की आवश्यकता पर जोर दिया गया।इस अवसर पर 10 आरबीएस परीक्षण, 6 हीमोग्लोबिन जांच की गयी। इसमें किसी में भी एनीमिया की आशंका नहीं पायी गयी। कुल 77 लोगों ने प्रत्यक्ष रूप से जांच व परामर्श का लाभ लिया, जबकि अन्य लोगों को मधुमेह की रोकथाम संबंधी जागरूकता प्रदान की गई।शिविर ने ग्रामीण समुदाय में स्वास्थ्य जागरूकता को सशक्त संदेश दिया। टाटा स्टील फाउंडेशन ने भविष्य में भी ऐसे स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

## गुरुकुल विद्या निकेतन विद्यालय चैनपुर में मनायी गयी भगवान बिरसा मुंडा जयंती



चैनपुर(पलामू) (आजाद सिपाही)। चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के अस्पताल चौक स्थित गुरुकुल विद्यानिकेतन आवासीय विद्यालय में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती मनायी गयी। विद्यालय के प्रबंध निदेशक सिकंदर आजम के नेतृत्व में स्कूली बच्चों के साथ बिरसा मुंडा के जीवन पर चर्चा की गयी। कार्यक्रम की शुरूआत प्रबंध निदेशक ने भगवान बिरसा मुंडा की तस्वीर पर माल्यार्पण और पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देश की आजादी के लिए भगवान बिरसा मुंडा के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने जंगल और जमीन के लिए लड़ने वाले महान आदिवासी जनचेतना के लोकनायक बिरसा मुंडा के शौर्य और बलिदान को सच्चे अर्थों में याद करने का आह्वान किया साथ ही बताया कि भगवान बिरसा मुंडा का जन्म 15 नवंबर 1875 को खूंटी जिले के उलिहातु गांव में एक किसान परिवार में हुआ था। बचपन से ही अंग्रेजों के अत्याचारों को देखकर उनके मन में विद्रोह की भावना जगी, जिसके परिणामस्वरूप उन्होंने अंग्रेजों के विरुद्ध जनजातीय विद्रोह 'उलगुलान' का नेतृत्व किया। इस मौके पर शिक्षक जयंती सहाय, शोभा कुमारी, राम विनय तिवारी, नीलम मिश्रा सहित कई लोग मौजूद थें।

### झारखंड स्थापना दिवस और बिरसा मुंडा जयंती पर पलामू और देवघर में भव्य समारोह

# झारखंड की 25 वर्ष की विकास यात्रा, संघर्ष और संकल्प दोनों का प्रतिरूप है : हफीजुल हसन

आजाद सिपाही संवाददाता

देवघर। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती और झारखंड राज्य के 25वें स्थापना दिवस के अवसर पर 15 नवंबर 2025 को नगर निगम परिसर में जिलास्तरीय भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि जल संसाधन एवं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन, सारठ विधायक उदय शंकर सिंह, राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष प्राणेश सोलोमन, उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा, पुलिस अधीक्षक सौरभ समेत अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित कर की गयी। इसके उपरांत मंत्री ने दीप प्रज्वलित कर मुख्य समारोह का औपचारिक उद्घाटन किया।

अपने संबोधन में मंत्री हसन ने धरती आबा बिरसा मुंडा को नमन करते हुए सभी को राज्य स्थापना दिवस की शुभकामनायें दीं। उन्होंने कहा कि झारखंड की 25 वर्ष की विकास यात्रा संघर्ष और संकल्प दोनों का प्रतिरूप है। मंत्री ने राज्य सरकार की विभिन्न विकासपरक योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी देते हुए बताया कि 113 करोड़ की लागत से बैद्यनाथ विहार चार सितारा होटल का निर्माण, बुढ़ैयी जलाशय, कृष्णा सागर डैम, सिकटिया बराज और पुनासी डैम जैसी परियोजनाओं पर तीव्र गति से कार्य हो रहा है। साइकिल वितरण योजना के तहत 46,114 लाभुकों को लाभ, आयवृद्धि योजनाओं के बेहतर परिणाम, मरांग गोमके विदेश छात्रवृत्ति योजना का विस्तार, अल्पसंख्यक छात्रावासों की स्वीकृति तथा 2500 से अधिक कब्रिस्तानों की घेराबंदी जैसी महत्वपूर्ण उपलब्धियां राज्य सरकार की प्राथमिकताओं को दर्शाती हैं।

उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने स्वागत भाषण देते हुए सभी को राज्य स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि देवघर आस्था, संस्कृति और ऊर्जा का केंद्र है, और प्रशासन, जनप्रतिनिधि तथा जनता मिलकर ही इसे मॉडल जिला बना सकते हैं।

उन्होंने कहा कि धरती आबा बिरसा मुंडा का संदेश–साहस, संघर्ष और सेवा–हम सभी को सतत प्रेरणा देता है।



### विभिन्न प्रमाणपत्रों का हुआ वितरण

जल संसाधन विभाग की योजनाओं का उल्लेख करते हुए मंत्री ने बताया कि किसानों को बेहतर सिंचाई सुविधा प्रदान करने हेतु चांडिल डैम, गालूडीह बराज और खरकई बराज से जुड़े कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। राज्य की सिंचाई क्षमता वर्ष 2000 में 6.27 लाख हेक्टेयर थी, जो 2024-25 में बढ़कर 10.12 लाख हेक्टेयर हो चुकी है। मुख्य समारोह में मंत्री द्वारा सोनाझारी-सोबरन धोती-साड़ी योजना, वनाधिकार पट्टा, कृषि उपकरण, जेएसएलपीएस ऋण, बाबा साहेब आंबेडकर आवास, मनरेगा लाभ और विभिन्न प्रमाणपत्रों का वितरण भी किया गया।

# झारखंड राज्य स्थापना दिवस हमारी संस्कृति अस्मिता और संघर्ष की पहचान : उपायुक्त

**पलामू और झारखंड विकास व सुरक्षा के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों बढ़ा आगे : पुलिस अधीक्षक**

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। झारखंड राज्य स्थापना दिवस एवं उलगुलान के महानायक धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती श्रद्धा, उत्साह और गौरव के साथ मनाया गया। प्रमंडलीय मुख्यालय मेदिनीनगर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति भवन (टाउन हॉल) में जिलास्तरीय समारोह और सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। पलामू डीसी समीरा एस ने झारखंड के रजत पर्व की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य स्थापना दिवस हमारी संस्कृति, अस्मिता और संघर्ष की पहचान है। धरती आबा बिरसा मुंडा ने स्वतंत्रता और स्वाभिमान की जो राह दिखाई, वह आज भी हमसबों को प्रेरित करती है। जिला प्रशासन जनजातीय समाज के अधिकारों और सशक्तिकरण के लिए पूरी निष्ठा से कार्य कर रहा है। आज वितरित परिसंपत्तियां इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

उन्होंने कहा कि आज का दिन हमारे लिए केवल उत्सव का दिन नहीं, बल्कि सकल्प का दिन भी है। हम सभी आज धरती आबा के जयंती मना रहें हैं, जिन्होंने शौर्य और उलगुलान से जल, जंगल जमीन की पहचान दी। उन्होंने कहा कि रजत पर्व समृद्ध पलामू व झारखंड निर्माण की संकल्प लेने का दिन है। एसपी रीष्मा रमेशन ने कहा कि धरती आबा बिरसा मुंडा का जीवन साहस, संघर्ष और सामाजिक न्याय का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि पलामू जिला व राज्य विकास व सुरक्षा के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ा है।

समारोह के दौरान विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभुकों के बीच परिसंपत्तियां वितरित की गईं। कार्यक्रम के दौरान 24 लाभुकों को सामुदायिक वन पट्टा प्रदान किया गया। वहीं राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर पिछले कुछ दिनों से आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों, गतिविधियों एवं प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में डीआरडीए निदेशक रतन कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया। संचालन शालिनी श्रीवास्तव ने की। मौके पर उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन, वन प्रमंडल पदाधिकारी सत्यम कुमार, अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, सहायक समाहर्ता हिमांशु लाल, सदर, छतरपुर और हुसैनाबाद के अनुमंडल पदाधिकारी सहित कई अन्य उपस्थित रहे।



### बुकलेट का हुआ विमोचन

कार्यक्रम के दौरान उदय योजना के विजन, उद्देश्य, कार्यप्रणाली, गतिविधियों एवं प्रगति से संबंधित बुकलेट का विमोचन किया गया।

### विद्यार्थियों की पेंटिंग बनी आकर्षण का केंद्र

कार्यक्रम स्थल को विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई पेंटिंग्स से सजाया गया था। पेंटिंग मे मुख्य रूप से झारखंड एवं पलामू का नक्शा, झारखंड सरकार का लोगो, झारखंड मईया सम्मान,पलामू किला, बेतला नेशनल पार्क, भगवान बिरसा मुंडा की प्रेरणादायक झांकियां और उलगुलान के ऐतिहासिक दृश्य को अत्यंत आकर्षक और जीवंत रूप में उकेरा गया था। यह पेंटिंग का आगंतुकों ने विशेष सराहना की।

## चैनपुर में मनी भगवान बिरसा मुंडा की जयंती



चैनपुर(पलामू) (आजाद सिपाही)। शनिवार को चैनपुर प्रखंड परिसर में प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रदीप कुमार दास के अध्यक्षता में भगवान विरसा मुंडा जयंती सह झारखंड स्थापना दिवस मनाया गया। इस दौरान प्रभारी प्रमुख सुनील सिंह व उपस्थित सभी पदाधिकारी एंव कर्मियों के द्वारा प्रखंड परिसर में भगवान बिरसा मुंडा के चित्रपट पर पुष्पांजलि देकर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। मौके पर बीडीओ ने बढ़ते ठंड के मद्देनजर 25 आदिम जनजाति परिवार के बीच कंबल का वितरण किया। मौके पर जेपीएस सूर्यदेव राम, झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा के जिला अध्यक्ष दाउद केरकेटा, सचिव राजू प्रजापति, जमालुद्दीन खलीफा, अनूप कुमार, धर्मेंद्र प्रसाद सहित कई अन्य मौजूद थें।

## घाटशिला की जीत पर हुसैनाबाद जेएमएम कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न



हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। घाटशिला में झामुमो की जीत पर कार्यकर्ताओं ने हुसैनाबाद में जश्न मनाया। झामुमो किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष वशिष्ठ कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह की अगुवाई में झामुमो कार्यकर्ता सड़क पर उतरकर जश्न मनाया। जिलाध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि घाटशिला की जीत ने एक बार फिर बता दिया है कि राज्य की जनता को हेमंत सोरेन पर अटूट विश्वास है। कहा कि राज्य में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में अबुआ राज का सपना साकार हो रहा है। सोमेश सोरेन भी अब रामदास सोरेन के अधूरे सपनों को पूरा करेंगे। इस अवसर पर विनोद कुमार सिंह, रामप्रवेश सिंह, धर्मेंद्र तिवारी, सुरेंद्र साहनी समेत कई अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ शांति पूर्ण संपन्न

सतबरवा/ पलामू (आजाद सिपाही)। सतबरवा प्रखंड के फुलवरिया स्थित पलामू किला मेला परिसर में सनातन सारथी सेवा परिवार द्वारा आयोजित सात दिवसीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ शनिवार को शांति पूर्ण सम्पन्न हो गया। 9 नवंबर को भव्य कलश यात्रा के साथ यज्ञ प्रारम्भ हुआ था, जिसमें मुख्य जजमान संतोष प्रसाद एवं उनकी धर्मपत्नी प्रीती देवी बनें और सात दिनों तक यज्ञाचार्य के सानिध्य में विधीवत यज्ञमंडप की पुजा, आरती और हवन किये। इस पुनीत कार्य को सफल बनाने में मनीका के पुर्व विधायक हरे कृष्णा सिंह, पांकी विधानसभा के पुर्व प्रत्याशी अमीत तिवारी, सांसद प्रतिनिधि मनीष कुमार समीती के अध्यक्ष यमुना सिंह अतुल कुमार,गणेश सिंह, निर्दोष जी, श्याम बिहारी प्रसाद,संदीप प्रसाद, अरविंद प्रसाद, संजय प्रसाद की लोगों का अहम योगदान रहा।

## एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित



देवघर (आजाद सिपाही)। सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स, देवघर द्वारा आयोजित एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम का सफल आयोजन गीता देवी डीएवी पब्लिक स्कूल भंडारकोला में हुआ। इस ट्रेनिंग प्रोग्राम में डीएवी भंडारकोला और रेड रोज स्कूल के कुल मिलाकर लगभग 160 प्रतिभागियों ने सक्रिय भागीदारी की। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को प्रभावी कक्षा प्रबंधन की आधुनिक तकनीक , छात्र सहभागिता बढ़ाने ,सकारात्मक व्यवहार निर्माण, तथा शिक्षण वातावरण को अधिक व्यवस्थित और अनुकूल बनाने के लिए प्रशिक्षित करना था। इस प्रशिक्षण में रिसोर्स पर्सन के रूप में विश्वदीप चक्रवर्ती, पूनम भौमिक, गोविंद सिंह और आकाश कुमार मौजूद थे। कार्यक्रम का उद्घाटन सहोदया देवघर के अध्यक्ष राम सेवक सिंह गुंजन ,सचिव बलराम कुमार झा, रेड रोज स्कूल के प्राचार्य अनिल पांडे, गीता देवी डीएवी पब्लिक स्कूल कास्टर टाउन के प्राचार्य दिलीप कुमार सिंह और सभी रिसोर्स पर्सन ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद भगवान बिरसा मुंडा और महात्मा नारायण दास ग्रोवर जी के तस्वीर पर पुष्प अर्पण किया गया। पांच घंटे के इस प्रशिक्षण में रूटीन सेटिंग, व्यवहार प्रबंधन, इंस्ट्रक्शनल स्ट्रेटेजीज, क्लासरूम ऑब्जर्वेशन, पीबीआईएस, तथा छात्र प्रेरणा तकनीकों जैसे विषयों पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया।

## समता स्कूल जपला में झारखंड स्थापना दिवस पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

हुसैनाबाद । हुसैनाबाद शहर के अमन चैन मोहल्ला स्थित एवं जपला छतरपुर रोड के नहर मोड़ के समीप धरहरा जपला स्थित समता स्कूल परिसर में झारखंड के 25 वीं स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर सीनियर एवं जूनियर छात्र-छात्राओं के बीच झारखंड स्तरीय प्रश्नों को आधार बनाकर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी प्राप्त करने वाले छात्राओं को बीच उपलब्ध पठान-पाठन सामग्री देकर स्कूल के निदेशक सह प्रधानाचार्य डॉक्टर अक्षय कुमार चौहान के द्वारा सम्मानित किया गया।मौके पर निदेशक श्री चौहान ने कहा कि इस तरह के प्रतियोगिता के आयोजन से छात्र-छात्राओं में प्रतिस्पर्धा की भावना बढ़ती है और उनका मानसिक विकास होता है।

इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं में विनोद चौधरी, संतोष मिश्रा,किरण देवी, अंजली सिंह, सुधांशु कुमार सिंह, विनोद कुमार सिंह, अनुज कुमार सिंह, राहुल चौहान, , विकास कुमार, दशरथ कुमार, कार्तिक कुमार, रिमझिम देवी, प्रियंका देवी, बबीता देवी,शकुंतला देवी, रीना देवी, अंशी सिंह, शशि लता कुमारी, उम्म सैयद, पंकज राज, संजीत कुमार, अभिषेक कुमार, राहुल गुप्ता, राकेश प्रजापति, साबरीन खातून, गार्ड नंदू प्रजापति, परिचारिका विमला कुंवर, कौशल्या देवी, आदि उपस्थित थे।



छात्रों को पुरस्कृत करते विद्यालय के निदेशक।

## देवघर: आजसू ने मनायी बिरसा मुंडा की जयंती

आजाद सिपाही संवाददाता

देवघर। झारखंड राज्य के 25वें स्थापना दिवस एवं भगवान बिरसा मुंडा जयंती के अवसर पर आजसू पार्टी के देवघर जिला अध्यक्ष आदर्श लक्ष्य ने बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर उन्होंने राज्य की विकास यात्रा पर गंभीर सवाल खड़े करते हुए कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपनी बात रखी। आदर्श लक्ष्य ने कहा कि झारखंड के गठन के करीब ढाई दशक बाद भी राज्य अपने मूल उद्देश्यों को पूरी तरह हासिल नहीं कर पाया है। उन्होंने कहा कि अपार प्राकृतिक संसाधन होने के बावजूद राज्य अपेक्षित विकास से वंचित है, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने विशेष रूप से ग्रामीण इलाकों में शिक्षा की खराब स्थिति का उल्लेख करते हुए कहा कि आज भी स्कूलों में पर्याप्त संसाधन और प्रशिक्षित शिक्षकों की कमी है, जिसके कारण बच्चों के भविष्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर उन्होंने चिंता व्यक्त की कि दूरदराज के क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधाओं का अभाव आज भी लोगों की सबसे बड़ी समस्या बना हुआ है। बढ़ती बेरोजगारी और रोजगार के सीमित अवसरों को युवा पलायन का प्रमुख कारण बताते हुए उन्होंने कहा कि स्थिति लगातार गंभीर होती जा रही है। उद्योग, खनन और आर्थिक क्षेत्र में स्थिरता की कमी पर बोलते हुए आदर्श लक्ष्य ने भ्रष्टाचार, अव्यवस्थित प्रबंधन और प्रशासनिक लापरवाही को मुख्य बाधा बताया। उन्होंने कहा कि राजनीतिक अस्थिरता और सरकारों के अल्पकालिक कार्यकाल ने विकास की रफ्तार को बार-बार बाधित किया है।



महिलाओं की सुरक्षा, किसानों को उचित मूल्य, सिंचाई सुविधाओं की कमी और ग्रामीण आधारभूत संरचना की कमजोर स्थिति जैसे मुद्दों को भी उन्होंने प्रमुख रूप से उठाया।

उन्होंने कहा कि झारखंड आज भी वादों और संभावनाओं के बीच संघर्ष कर रहा है, जबकि ईमानदार प्रयास और मजबूत व्यवस्था के साथ यह राज्य देश में विकास का एक आदर्श मॉडल बन सकता है।

# हरिहरगंज में दो दिवसीय राज्यस्तरीय कुश्ती महाकुंभ शुरू

**आईजी सैलेंद्र कुमार सिन्हा ने किया राज्यस्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारंभ**

आजाद सिपाही संवाददाता

हरिहरगंज/पलामू। 26वीं सीनियर झारखंड पुरुष फ्री स्टाइल, ग्रीको-रोमन स्टाइल एवं महिला श्रेणी की दो दिवसीय राज्यस्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार को पलामू जिले के हरिहरगंज स्थित सीता प्लस टू हाई स्कूल मैदान में प्रारंभ हुआ। प्रतियोगिता में झारखंड के सभी जिलों से पहुंचे करीब चार सौ महिला एवं पुरुष पहलवानों ने हिस्सा लिया। जिससे मैदान उत्साह और ऊर्जा से सराबोर रहा। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि पलामू जोन के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) सैलेंद्र कुमार सिन्हा तथा विशिष्ट अतिथि छतरपुर एसडीपीओ अवध कुमार यादव ने झंडोतोलन और हनुमान जी के चित्र के समक्ष पूजा-अर्चना कर किया।

उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए आईजी सैलेंद्र कुमार सिन्हा ने कहा कि हरिहरगंज में राज्यस्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन होना पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। इस तरह के आयोजन न केवल खिलाड़ियों की प्रतिभा को आगे लाते हैं, बल्कि युवाओं को अनुशासन, मजबूत इच्छाशक्ति एवं सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं। खेल हमें स्वस्थ रहने, टीम भावना विकसित करने और जीवन में लक्ष्य प्राप्त करने की प्रेरणा देते हैं। प्रशासन की ओर से हम हमेशा ऐसे आयोजनों को बढ़ावा देते रहेंगे, ताकि झारखंड के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने कौशल से प्रदेश का नाम रोशन कर सकें।

एसडीपीओ अवध कुमार यादव ने भी खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया और कहा कि खेल समाज को जोड़ने तथा युवाओं को सही मार्ग दिखाने का सशक्त माध्यम है। इस मौके पर सीओ मनीष कुमार सिन्हा,बीडीओ पारितोष प्रियदर्शी, हरिहरगंज पुनि सह थाना प्रभारी चंदन कुमार, पीपरा थाना प्रभारी बिमल कुमार, झारखंड कुश्ती संघ के महासचिव रजनीश कुमार सिंह, संघ के उपाध्यक्ष सह पलामू जिला अध्यक्ष कान्हा सिंह, पलामू जिला सचिव रंजित बहादुर सिंह, सहसचिव गौतम राज, उपाध्यक्ष सुबोध उर्फ बब्लू सिंह, कोषाध्यक्ष अरुण मिश्रा, संरक्षक विश्वनाथ सिंह, राजीव, रॉबर्ट, ओमप्रकाश सहित अन्य दर्शक मौजूद थे।



कुश्ती प्रतियोगिता में झंडोतोलन व महिला-पुरुष पहलवानों को उत्साहवर्धन करते आईजी सैलेंद्र कुमार सिन्हा।

## आंगनबाड़ी सेविका सुषमा का निधन, शोक

हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के ग्राम बांसों आंगनबाड़ी केंद्र सेक्टर-1 (कोड 14) की सेविका सुषमा कुमारी (19) का प्रसव के बाद तबीयत बिगड़ने पर इलाज के दौरान निधन हो गया। शनिवार को हुई इस घटना से पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है। कम उम्र में हुई मृत्यु से परिवार और ग्रामीण स्तब्ध हैं। सुषमा कुमारी अपने पीछे पति आकाश कुमार सहित रोता-बिलखता परिवार छोड़ गईं। निधन की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी सेविकाएं और ग्रामीण उनके घर पहुंचकर संवेदना व्यक्त की। ग्रामीणों ने बताया कि सुषमा कुमारी मेहनती और कर्तव्यनिष्ठ सेविका थीं। जिनका असमय निधन क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति है। मृतक के घर आंगनबाड़ी सेविका रौशन आरा, निर्मला देवी, आशा देवी, मुखिया प्रतिनिधि सतेंद्र भुइंया, राजद नेता रंजित पासवान, अजय भुइंया, बबन भुइंया, सुरेंद्र पासवान, जनेश्वर भुइंया, सुरेंद्र राम, रामजतन भुइंया, सीताराम मुखिया, नंदु भुइंया, जितेंद्र पासवान, बलदेव कुमार, मिथलेश भुइंया, बिरेंद्र भुइंया आदि ने पहुंच कर शोक संतप्त परिवार को ढाढ़स बंधाया और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

## मधुपुर में बिरसा मुंडा जयंती और स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मना



आजाद सिपाही संवाददाता

मधुपुर। प्रखंड कार्यालय सभागार में शनिवार को भगवान बिरसा मुंडा की150वीं जयंती तथा झारखंड राज्य के 25वें रजत स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी अजय कुमार दास ने की। इस अवसर पर प्रखंड स्तरीय अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, कर्मियों तथा स्थानीय बुद्धिजीवियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गयी। बीडीओ अजय कुमार दास ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा सिर्फ एक स्वतंत्रता सेनानी ही नहीं, बल्कि स्वाभिमान, जल-जंगल-जमीन की रक्षा और आदिवासी समाज के उत्थान के प्रतीक हैं। उनकी 150वीं जयंती हम सभी के लिए प्रेरणादायी है। इस मौके पर विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा भी की गयी एवं कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये गये। बीडीओ अजय कुमार दास ने झारखंड की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राज्य प्राकृतिक संसाधनों, संस्कृति, परंपरा और विविधता में समृद्ध है। अंत में बीडीओ अजय कुमार दास ने सभी से राज्य के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। मौके पर बीपीओ विकास कुमार, अभिजीत कुमार, बीपीआरओ सुभाष कुमार, बीसी विशाल कुमार, सहायक लिपिक राजेंद्र यादव, नाजीर देवेंद्र मुर्मू समेत प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

## सिसई में धूमधाम से मनी भगवान बिरसा मुंडा जयंती



सिसई (आजाद सिपाही)। झारखंड के महानायक धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती और झारखंड स्थापना की रजत जयंती पर प्रखंड सह अंचल कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस दौरान धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा और बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर बीडीओ, सीओ, प्रखंड नाजिर, प्रधान सहायक, सीआरपी हेलो एवं अन्य कर्मियों ने माल्यार्पण कर नमन किया। इस दौरान भगवान बिरसा मुंडा के संघर्षों को याद करते हुए वक्ताओं ने कहा गया कि कैसे उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ उलगुलान किया था। झारखंड के लोग उन्हें भगवान मानने लगे थे। तभी से वे भगवान बिरसा मुंडा कहलाने लगे।

## बसिया में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती समारोह का आयोजन

बसिया (आजाद सिपाही)। ब्लॉक प्रांगण में शनिवार को भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान ब्लॉक प्रांगण में स्थित बिरसा वाटिका में स्थापित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर बसिया एसडीओ जयवंती देवगम, एलआरडीसी शेखर कुमार, एसडीपीओ नाजीर अख्तर, बीडीओ सुप्रिया भगत, सीओ नरेश कुमार मुंडा, थाना प्रभारी कृष्णा कुमार आदि ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राण तक को न्योछावर कर दिया। वह हमेशा अपनी मातृभूमि और संस्कृति की रक्षा के लिए लड़ते रहे।

## सिसई और भरने नें आज सुबह 10 बजे से 12.30 बजे तक बाधित रहेगी बिजली सेवा

सिसई (आजाद सिपाही)। सिसई और भरनो में रविवार की सुबह 10 से दोपहर 12.30 बजे तक बिजली सेवा बाधित रहेगी। इस बाबत विभाग के सहायक अभियंता हरि उरांव ने बताया कि बिजली विभाग की ओर से 33 केवीए इनकमिंग और आउटगोइंग 11 हजार सप्लाई लाइन में मरम्मति कार्य किया जाएगा। इस दौरान गुमला शाखा से करकरी और भरनो सब-डिवीजन की बिजली सेवा बंद रहेगी, जिससे दोनों सब डिवीजन से आपूर्ति होने वाले क्षेत्रों में रविवार सुबह 10 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक बिजली सेवा बाधित रहेगी।

## भाजपा ने मनायी भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती



गुमला (आजाद सिपाही)। जनजातीय गौरव दिवस पर भाजपा ने शनिवार को बिरसा मुंडा एग्रो पार्क स्थित धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। मौके पर उपस्थित जिला अध्यक्ष विनय कुमार लाल ने कहा आज का दिन हम सभी झारखंडियों के लिए गौरव का दिन है। भगवान बिरसा मुंडा का जन्मदिन आज पूरे देश में जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की देन है कि हम झारखंड वासियों के त्याग और वीरता की गाथा को देश के लोग जान पा रहे हैं। कहा कि आज सभी नौजवानों को भगवान बिरसा मुंडा के जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्र सेवा की भावना से आगे आने की आवश्यकता है। इस मौके पर निर्मल गोयल, जिला महामंत्री यशवंत सिंह, रामावतार भगत, जिप उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी, भाजयुमो जिला अध्यक्ष संदीप कुमार, मंगल सिंह भोक्ता, भोला चौधरी, विनोद प्रसाद, छोटेलाल उरांव, लक्ष्मीकांत बड़ाइक, देवेंद्र लाल उरांव, कौशलेंद्र जमुवार , हरिहर साहू,शंभू सिंह मनमोहन सिंह, गुड्डी नंदा, बाल्केस्वर सिंह आदि थे।

## झानद ने बिरसा जयंती को संकल्प दिवस के रूप में मनाया

गुमला (आजाद सिपाही)। झारखंड नवनिर्माण दल ने वीर बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर बिरसा जयंती, राज्य स्थापना दिवस और संगठन गठन दिवस को संकल्प दिवस के रूप में मनाया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला प्रभारी पुष्पा उरांव ने किया। कहा कि झारखंड को लूट और भ्रष्टाचार से मुक्त करने के लिए व्यापक जन एकता और आंदोलन जरूरी है। 18 नवंबर को किसानों के मुद्दों पर जिला मुख्यालय में धरना आयोजित करने की घोषणा की गई।





VERMA PRESS ®
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 150 | Hindi | ₹ 150 |
| English | ₹ 150 | English | ₹ 150 |
| Mathematics | ₹ 150 | Mathematics | ₹ 150 |
| Science | ₹ 150 | Science | ₹ 150 |
| Social Science | ₹ 150 | Social Science | ₹ 150 |
| Sanskrit | ₹ 150 | Sanskrit | ₹ 150 |
| Hindi – B | ₹ 150 | Hindi – B | ₹ 150 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 130 | English Grammar– II | ₹ 130 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 60 | Hindi Practical | ₹ 60 |
| English Practical | ₹ 60 | English Practical | ₹ 60 |
| Maths. Practical | ₹ 70 | Maths. Practical | ₹ 70 |
| Science Practical | ₹ 70 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 75 | S. Science Practical | ₹ 75 |
| Sanskrit Practical | ₹ 60 | Sanskrit Practical | ₹ 60 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 90 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 230 |
| Science | ₹ 220 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 230 | Social Science | ₹ 230 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 100 | S. Science Practical | ₹ 90 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !


# जनजातीय गौरव दिवस पर पीएम मोदी ने रायडीह, पालकोट एवं विशुनपुर को दी एकलव्य आवासीय विद्यालय की सौगात, रखी ऑनलाइन आधारशिला

### पालकोट में 30 करोड़ रुपये की लागत से होगा विद्यालय का निर्माण कार्य

आजाद सिपाही टीम





**पालकोट।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को जनजातीय गौरव दिवस पर झारखंड के गुमला जिले के रायडीह, पालकोट और विशुन पुर को एकलव्य आवासीय विद्यालय की सौगात देते हुए ऑनलाइन आधारशिला रखी। इसी क्रम में पालकोट में 30 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाले एकलव्य आवासीय विद्यालय की ऑनलाइन उद्घाटन किया। इसे लेकर पालकोट के बंगरु गांव के पास निर्माणाधीन एकलव्य आवासीय विद्यालय के शिलान्यास के निमित भव्य उद्घाटन कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें बसिया एसडीओ जयवंती देवगम, एसडीपीओ मो नाजिर अख्तर, पालकोट बीडीओ विजय उरांव, प्रखंड प्रमुख सोनी लकड़ा, बंगरु की मुखिया पूनम एक्का, सांसद प्रतिनिधि बसंत गुप्ता आदि उपस्थित थे। दोपहर दो बजे प्रधानमंत्री लाइव आये और ऑनलाइन शिलान्यास कार्यक्रम का रिमोट से उद्घाटन किया। इसके बाद मंच पर उपस्थित अतिथियों ने यहां शिलापट्ट का चादर हटा कर शिलान्यास किया। इसके बाद लोगों ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को लेकर मनाये जा रहे जनजातीय गौरव दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन को सुना। उधर, एकलव्य आवासीय विद्यालय के निर्माण कार्य में लगी कार्यकारी एजेंसी ब्रिज एंड रूफ इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के कर्मियों ने बताया कि 11 एकड़ क्षेत्रफल में इस आवासीय विद्यालय का निर्माण कराया जा रहा है। इस मौके पर रामअवध साहू, सूरजदेव सिंह, गोपाल केशरी, प्रकाश नारायण सिंह आदि उपस्थित थे।

### विशुनपुर में भी बनेगा एकलव्य विद्यालय

दूसरी ओर, **विशुनपुर प्रखंड** के नरमा गांव में प्रस्तावित एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय भवन का शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑनलाइन शिलान्यास किया। जिसका सीधा प्रसारण विद्यालय निर्माण स्थल पर दिखाया गया। इस दौरान बीडीओ सुलेमान मुंडरी ने लोगों से कहा कि एकलव्य विद्यालय का निर्माण स्थानीय आदिवासी बच्चों के भविष्य को नई दिशा देगा। कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच बनाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में आधुनिक शैक्षणिक ढांचा, खेलकूद की सुविधाएं, आवासीय व्यवस्था, पुस्तकालय, प्रयोगशाला सहित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इस मौके पर सीओ शेखर वर्मा, प्रमुख राजलक्ष्मी उरांव, जिला परिषद सदस्य पवन उरांव, मुखिया कमला कश्यप, बिशनपुर थाना प्रभारी अर्जुन यादव गुर्जर, थाना प्रभारी दीपक तिर्की और राजू भगत आदि उपस्थित थे।

### खेल मैदान को छोड़कर विद्यालय बनाने की मांग

बिशुनपुर प्रखंड के नरमा गांव के ग्रामीणों ने बीडीओ सुलेमान मुंडरी को ज्ञापन देकर कहा कि नरमा गांव के बच्चे प्रारंभिक दौर से खेल मैदान का इस्तेमाल करते आ रहे है। यही नहीं, वहां आदिवासी समुदाय का सामाजिक कार्यक्रम भी आयोजित होता है। जहां फिलहाल एकलव्य विद्यालय भवन बनाने का काम शुरू हो रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि सरकार के पास पर्याप्त जमीन है। इसलिए खेल मैदान छोड़कर विद्यालय भवन निर्माण कराया जाए।

## एकलव्य विद्यालय में जनजातीय बच्चों को स्थानीय स्तर पर शिक्षा, खेलकूद एवं रहने की होगी व्यवस्था: बीडीओ



रायडीह (आजाद सिपाही)। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जन्म जयंती पर मनाये जा रहे जनजातिय गौरव दिवस पर शनिवार को रायडीह प्रखंड के सिलम पंचायत स्थित एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात की धरती से ऑनलाईन किया। उधर, रायहीट में बीडीओ प्रधान हांसदाक, मुखिया विरेंद्र उरांव, पंसस सरिता देवी और थाना प्रभारी संदीप कुमार यादव ने संयुक्त रूप से शिलान्यास पट्ट का अनावरण किया। इस अवसर पर बीडीओ ने कहा कि विद्यालय निर्माण होने से यहां के जनजातिय बच्चों को स्थानिय स्तर पर शिक्षा, खेलकूद और रहने की व्यवस्था उपलब्ध होगी। कहा कि एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय भारत सरकार के जनजातीय मामलों के मंत्रालय की ओर से संचालित आवासीय विद्यालय हैं, जो अनुसूचित जनजाति छात्र-छात्राओं को कक्षा 6 से 12 तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करता हैं। इस आवासीय विद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं के लिए अलग छात्रावास, शिक्षकों के लिए आवास और पढ़ाई के साथ ही खेलकूद के लिए सुविधा उपलब्ध होगी। इसमें 240 बालक और 240 बालिकाओं की सीट उपलब्ध होगी। इस आवासीय विद्यालय का कार्य ब्रिज एंड रूफ कॉ इंडिया लिमिटेड की ओर से किया जा रहा है। इस विद्यालय के पूरा होने में दो साल का समय लगेगा। इस मौके पर विवेक मानिक, मांगू उरांव, अशरफ राय लालो, संगीता मिंज आदि मौजूद थे।

## डुमरी बासा नदी पुल के पास हुआ हादसा

# वाहन के धक्के से दो की मौत, एक गंभीर

आजाद सिपाही संवाददाता



**डुमरी।** गुमला जिले के डुमरी में बासा नदी पुल के समीप शनिवार की दोपहर सड़क हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी। मरने वालों की पहचान कठगांव निवासी रूपेश एक्का (28) और शेखपुर निवासी लुईस मिंज (65) के रूप में हुई है। जबकि इसी हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक की पहचान नवीन तिग्गा (25) के रूप में हुई है, जो शेखपुर का ही रहने वाला है। उधर, घटना के बाद स्थानीय लोगों एवं पुलिस की मदद से तुरंत सभी को डुमरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचा, जहां चिकित्सकों ने रुपेश और लुईस को मृत घोषित कर दिया। वहीं, गंभीर रूप से घायल नवीन तिग्गा का प्राथमिक उपचार करने के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

### टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश में जुटी पुलिस

जानकारी के मुताबिक इस दिन एक अज्ञात वाहन ने दो बाइक सवारों को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे एक वृद्ध सहित दो की मौत हो गयी, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद घटनास्थल पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया। वहीं, हादसे की सूचना पाते ही पुलिस मौके पर पहुंच गयी। पुलिस की टीम मामले की जांच में जुट गई है। लगे हाथ मामला दर्ज कर हादसे को अंजाम देने वाले अज्ञात वाहन की तलाश में जुट गयी है। दूसरी ओर, स्थानीय लोगों का कहना है कि यह क्षेत्र काफी व्यस्त और खतरनाक मोड़ पर स्थित है। यहां पहले भी कई बार दुर्घटनाएं हो चुकी हैं।

## विक्षिप्त ने महिला से की छेड़छाड़, लोगों ने दौड़ा-दौड़ा कर पीटा

गुमला (आजाद सिपाही)। शहर के जशपुर रोड में शनिवार की सुबह 10 बजे एक विक्षिप्त व्यक्ति को लोगों ने दौड़ा-दौड़ा कर पिटाई की। आरोप है कि विक्षिप्त सड़क पर आती-जाती छात्राओं-महिलाओं से छेड़छाड़ करता है। पूर्व में भी उनने मेन रोड में ट्यूशन पढ़ने जा रही छात्राओं के साथ छेड़छाड़ की थी। तब स्थानीय लोगों ने उसे वहां से खदेड़ दिया था। दूसरी ओर, शनिवार को फिर से क्षेत्र में वह महिलाओं से छेड़छाड़ और उन्हें पकड़ने की कोशिश कर रहा है। इसी बीच सड़क से पति के साथ जा रही एक युवक की पत्नी को उसने पीछे से पकड़ लिया। जिसके बाद नाराज लोगों ने उसे दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। विक्षिप्त भी उनसे भिड़ गया और दोनों ओर से हाथापाई हुई। स्थानीय लोगों ने किसी तरह मामले को शांत कराया। लोगों ने कहा कि विक्षिप्त की हरकत से किसी दिन बड़ी दुर्घटना हो सकती है। क्योंकि सड़क पर चलने वाली महिलाओं को अचानक छेड़छाड़ करने लगता है। जिससे महिलाएं सड़क पर इधर-उधर भागने लगती है।

## रांची के मोराबादी के लिए रवाना हुए लोग

चैनपुर (आजाद सिपाही)। झारखंड राज्य के 25 वर्ष पूर्ण होने पर झारखंड स्थापना दिवस की रजत जयंती समारोह में शामिल होने के लिए बीडीओ यादव बैठा ने क्षेत्र के लोगों को शनिवार अहले सुबह रांची के मोराबादी मैदान के लिए रवाना किया। यह भव्य कार्यक्रम मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से मोराबादी में आयोजित हुआ। जिसमें चैनपुर, कातिंग, बिंदोरी आदि पंचायतों के लोग साक्षी बने।

## गुमला के जंगलों में लकड़ी माफियाओं की चांदी, वन विभाग अनजान

# 15 पेड़ों की अनुमति लेकर काट दिये सैकड़ों इमरती पेड़

आजाद सिपाही संवाददाता





**घाघरा।** स्थापना दिवस पर पूरा झारखंड उत्सव के रंग में सराबोर है। चारो ओर 'हमर हीरा झारखंड' के गीत सुनायी दे रहे हैं। हर ओर जश्न का माहौल। पर विडंबना देखिये कि झारखंड की पहचान कहे जाने वाले जंगलों को माफिया बेखौफ होकर सफाया करने में जुटे हैं। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण घाघरा प्रखंड के बिमरला माइंस इलाके में देखने को मिल रही है। जहां बीते एक वर्ष में लगभग 300 से 500 इमरती प्रजाति के बड़े पेड़ों को बेरहमी से काटा जा चुका है। ग्रामीणों का आरोप है कि यह पूरा खेल वन विभाग की शह और मिलीभगत के बिना संभव नहीं है। ग्रामीणों के मुताबिक सुखवा पेड़ पर सिर्फ 15 पेड़ों की कटाई की अनुमति विभाग ने दी थी, जो रैयती जमीन पर लगे हैं। लेकिन इसी अनुमति को ढाल बनाकर माफिया हर एक-दो दिन पर 15-15 पेड़ काटकर ले जा रहे हैं। विरोध करने पर उन्हें विभागीय अधिकारियों की अनुमति मिलने का हवाला देकर धमकाया जाता है। इस मामले को लेकर जब प्रभारी फॉरेस्टर शेखर सिंह से पूछा गया कि अनुमति तो एक साल पहले जारी हुई थी, तो पिछले एक साल में कौन-सी कटाई वैध थी? इस पर उन्होंने जवाब दिया कि अनुमति तो एक साल पहले दी गयी थी। हम धीरे-धीरे काटने देते हैं। 15 पेड़ मई से पहले ही काट लिए गए थे। अब अगर कटाई हो रही है तो वह अवैध है। इस पर कार्रवाई करेंगे। लेकिन बड़ा सवाल यह है, यदि 15 पेड़ पहले ही काट लिए गए थे, तो फिर एक वर्ष से चल रही कटाई पर विभाग मौन क्यों रहा?

### प्रभारी फॉरेस्टर की भूमिका सवालों के घेरे में

15 पेड़ों की अनुमति के बाद भी एक साल से जारी अवैध कटाई पर प्रभारी फॉरेस्टर शेखर सिंह ने माना कि अनुमति पहले ही पूरी हो चुकी थी। लेकिन यह बयान खुद उनकी निगरानी पर सवाल खड़ा करता है कि जब 15 पेड़ पहले ही काट लिए गए थे, तो उसके बाद हो रही लगातार कटाई पर कोई कार्रवाई क्यों नहीं हुई? सिर्फ शिकायत आने पर कार्रवाई की बात कहना विभाग की कार्यशैली और ईमानदारी दोनों पर प्रश्नचिह्न लगा रहे हैं।


### निरीक्षण मुख्य पथ तक ही सीमित

ग्रामीणों का आरोप है कि रेंजर बिरसाई लोहार क्षेत्र में आते जरूर हैं, लेकिन उनका निरीक्षण सिर्फ मुख्य सड़क तक सीमित रहता है। जंगलों के भीतर जहां बड़े पैमाने पर पेड़ काटे जा रहे हैं, वहां किसी अधिकारी का पहुंचना दुर्लभ है। इसी ढिलाई का फायदा माफिया उठाता है और हर दूसरे दिन लकड़ी से भरी ट्रॉली बिना रोक-टोक जंगलों से बाहर निकल जाती है। विभाग मूकदर्शक बना हुआ है, और माफिया फल-फूल रहा है।








सुनहरा अवसर
आवश्यकता
रहना और खाना FREE
Seat Limited — प्रशिक्षण क्षेत्र — Seat Limited
1. FASHION DESIGNER: इसके अन्तर्गत फैशन डिजाईनिंग, आर्ट क्राफ्ट, शर्ट, पैन्ट, कढ़ाई, बुनाई, प्रिंसेस ब्लाउज।
2. MULIT SKILL TECHNICIAN : इसके अन्तर्गत ADCA+ (Advance Computer, Photoshop, Corel Draw, Pagemaker, Tally Prime 4.0 With GST, Internet, Chat GPT With AI Tools) Typing Hindi & English, Hotel Management।
3. GENERAL DUTY ASSISTANT : नर्स संबंधित पुरी जानकारी, प्राइमरी ट्रीटमेंट जैसे इंजेक्शन लगाना, घाव पर पट्टी करना फिजियोथेरेपी, सलाइन चढ़ाना एवं टेस्ट करना
आवश्यकता : 18 वर्ष +युवक, युवतियाँ, महिलाएँ एवं गृहिणियाँ के लिए 3 माह की निःशुल्क ट्रेनिंग, रहना-खाना फ्री।
ट्रेनिंग के बाद जॉब पंचायत कोऑर्डिनेटर, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर, सिलाई फैक्ट्री व बड़े रेस्टोरेंट एवं हॉस्पिटल में।
Salary:12000-20000
Trainning Centre:
Ranchi-7004847471 Ramgarh-7295831484
Office Address: Durgapuri, Kokar, Ranchi (JH.)

# झारखंड स्थापना दिवस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि राज्य के गौरवशाली इतिहास और संघर्ष का प्रतीक है : मंत्री योगेंद्र प्रसाद

**झारखंड स्थापना दिवस पर बोकारो में भव्य समारोह, मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने किया विकास योजनाओं का शुभारंभ**

आजाद सिपाही संवाददाता



**स्वांग(बेरमो)।** झारखंड स्थापना दिवस के मौके पर सूबे के पेयजल एवं स्वच्छता तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग मंत्री योगेंद्र प्रसाद बोकारो स्थित शिबू सोरेन स्मृति भवन (टाउन हॉल) में आयोजित झारखंड राज्य के 25वें स्थापना दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। बोकारो डीसी अजय नाथ झा ने मंत्री को पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया और उन्हें स्मृति चिन्ह भी भेंट की। इस मौके पर मंत्री जी ने बोकारो जिला अंतर्गत विभिन्न विकास योजनाओं का शुभ शिलान्यास और उद्घाटन किया। साथ ही उन्होंने बोकारो जिला शिकायत पोर्टल ई- जन सेतू ग्राईवेंस पोर्टल का भी औपचारिक रूप से शुभारंभ किया। इस पोर्टल के माध्यम से आम जन की समस्याओं का त्वरित एवं पारदर्शी समाधान सुनिश्चित किया जायेगा। कार्यक्रम में राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभुकों के बीच कई परिसंपत्तियों का वितरण भी किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्री महतो ने कहा कि झारखंड स्थापना दिवस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि राज्य के गौरवशाली इतिहास, संघर्ष, अस्मिता और पहचान का प्रतीक है। यह दिवस उन सभी महान वीर शहीदों और आंदोलनकारियों को नमन करने का अवसर है जिनके त्याग और बलिदान के बदौलत झारखंड राज्य का निर्माण संभव हुआ। अबुआ सरकार झारखंड के सर्वांगीण एवं संतुलित विकास के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य कर रही है। आज शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना, खेल, पर्यटन हर क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहे हैं। हमारी सरकार का लक्ष्य जनता के साथ सहयोग से आने वाले वर्षों में झारखंड को विकास, सुशासन और जनकल्याण के नये मुकाम पर ले जाना है। इस अवसर पर मुख्य रूप से चंदनकियारी विधायक उमाकांत रजक, बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह, झारखंड बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष बेबी देवी, बोकारो डीसी अजय नाथ झा, एसपी हरविंदर सिंह, डीडीसी शताब्दी मजूमदार समेत जिला के कई वरीय पदाधिकारी मौजूद थे।

# जनजातीय समुदाय की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा योगदान और वीरता का सम्मान जरूरी : नायर

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो ।** बिरसा भगवान की 150 वीं जयंती एवं जनजातीय गौरव वर्ष के आयोजन के अवसर पर ओएनजीसी, बोकारो के तत्वावधान में शुक्रवार को जनजातीय संस्कृति से संबंधित विभिन्न नृत्य मंचन वो नाट्य मंचन का आयोजन आशालता विकलांग सभागार में किया गया। इस अवसर पर हस्तशिल्प विकास संस्थान द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गयी।

कार्यक्रम को सर्वप्रथम परिसंपत्ति प्रबंधक टी एन उन्नीकृष्णन नायर द्वारा दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया गया।

परिसंपत्ति प्रबंधक ने अपने उद्बोधन में कहा कि जनजातीय समुदाय की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा, योगदान व वीरता का सम्मान जरूरी है। इस कार्यक्रम को आयोजित करने का मुख्य लक्ष्य जनजातीय समुदाय की संस्कृति, परंपराओं, वीरता और योगदान का सम्मान करना और समाज में उनकी उचित मान्यता सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर जनजातीय समुदाय से संबंधित नृत्य, छऊ, मुंडारी आदिवासी नृत्य, नागपुरी पायका नृत्य एवं शिकारी नृत्य का शानदार मंचन कलाकारों द्वारा किया गया। उपस्थित दर्शक उक्त नृत्य एवं बिरसा मुंडा की जीवनी पर आधारित लघु नाट्य मंचन देखकर अभिभूत हो गये। कार्यक्रम का आयोजन प्रमुख मानव संसाधन दयानंद कालुंदिया के दिशा निर्देश में हुआ। समारोह में मुख्य रूप से प्रमुख सब सर्फेस आलोक दास, प्रमुख वित्त और लेखा अक्षय कुमार, प्रमुख लॉगिंग सेवाएं वीरेंद्र कुमार, खलखो, प्रभारी सीएसआर डॉली कुमारी, कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन इंचार्ज अजय कुमार दास और अन्य अधिकारी, कर्मचारी और पारिवारिक सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मानव संसाधन विभाग द्वारा किया गया।

# दि पेंटिकॉस्टल असेंबली स्कूल में झारखंड दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** दि पेंटिकॉस्टल असेंबली स्कूल में झारखंड स्थापना दिवस पर शनिवार को कक्षा सप्तम के विद्यार्थियों द्वारा झारखंड की संस्कृति और इतिहास पर आधारित एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उन्हें अपनी परंपराओं और इतिहास पर गर्व करने के लिए प्रेरित करना था।

कार्यक्रम की शुरूआत प्रार्थना से हुई। जिसके बाद विद्यार्थियों ने पारंपरिक झारखंडी नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। हिंदी और अंग्रेजी में भावपूर्ण भाषण प्रस्तुत किये गये।

इसके पश्चात छात्रा ने 'मेरा झारखंड, मेरी शान' विषय पर एक हृदयस्पर्शी कविता सुनाई। विद्यार्थियों के बीच झारखंड के इतिहास, जनजातीय संस्कृति एवं राज्य के विकास से संबंधित विषयों पर एक वाद-विवाद प्रतियोगिता भी आयोजित की गयी। विद्यालय की प्राचार्या डॉ करुणा प्रसाद ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें अपनी संस्कृति और विरासत को सहेजने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि विद्यार्थियों के सपनों और कौशल को साकार करने के लिए उनमें जुनून की ज्योति प्रज्ज्वलित करनी होगी, क्योंकि शिक्षा ही हमारे राज्य की वास्तविक क्षमता को उजागर करने की कुंजी है। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# सीएसआर के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए ओएनजीसी सम्मानित



**बोकारो (आजाद सिपाही)। झारखंड राज्य के 25 वें स्थापना दिवस एवं रजत जयंती के अवसर पर आयोजित समारोह में ओएनजीसी बोकारो को सीएसआर के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु प्रदेश के पेयजल एवं उत्पाद मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपायुक्त अजय नाथ झा ने किया। शिक्षा, पेय जल, पर्यावरण इत्यादि विषयों पर किये गये लोक कल्याण कार्य हेतु ओएनजीसी को यह सम्मान मिला। परिसंपत्ति प्रबंधक टीआर उन्नीकृष्णन और मानव संसाधन प्रमुख दयानंद कालुंदिया के मार्गदर्शन में ओएनजीसी, बोकारो द्वारा वित्त वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में बोकारो जिले एवं अन्य जिले हेतु कई लोक कल्याण के विभिन्न कार्य किये गये। प्रशस्ति पत्र को ग्रहण करने हेतु उप महाप्रबंधक एवं प्रभारी सीएसआर डॉली कुमारी उपस्थित रहीं।**

# भगवान बिरसा मुडां की प्रतिमा का कथारा महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष हुआ अनावरण



**जल, जंगल और जमीन बचाने और देश के आजादी में भगवान बिरसा के अहम योगदान को कभी भूलाया नहीं जा सकता है : महाप्रबंधक संजय**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेरमो।** भगवान बिरसा की प्रतिमा का सीसीएल महाप्रबंधक कार्यालय के समीप महाप्रबंधक संजय कुमार ने फीता काटकर और पर्दा हटाकर उनके प्रतिमा का अनावरण करने का कार्य किया। वहीं जीएम संजय कुमार सहित उपस्थित अतिथियों ने उनकी प्रतिमा को नमन करते हुए फूल माला चाढ़कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस दौरान आयोजित समारोह को क्षेत्र के क्षेत्रीय सलाहकार समिति के सदस्य, सीसीएल सेफ्टी और वेलफेयर बोर्ड के सदस्य, विभिन्न श्रमिक संगठन के प्रतिनिधियों ने भगवान बिरसा की 150वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धासुमन के फूल अर्पित करने का कार्य किया।

# भगवान बिरसा मुंडा के आशीर्वाद से अगले 25 साल में झारखंड करेगा देश दुनिया में नाम रोशन : उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद ।** झारखंड को शीर्ष पर ले जाने और झारखंड आंदोलनकारियों के सपने को साकार करने का किया आह्वान। भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती तथा झारखंड राज्य स्थापना के रजत जयंती के अवसर पर बैंक मोड़ स्थित बिरसा चौक पर स्थापित भगवान बिरसा मुंडा की आदमकद प्रतिमा पर उपायुक्त सह आदित्य रंजन सहित अन्य पदाधिकारियों ने भगवान बिरसा मुंडा के चरणों में पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

उपायुक्त ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा के आशीर्वाद से अगले 25 साल में झारखंड देश दुनिया में नाम रोशन करेगा। भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती और झारखंड राज्य स्थापना की रजत जयंती से समस्त झारखंड गौरवान्वित महसूस कर रहा है। उपायुक्त ने कहा कि झारखंड राज्य स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर न्यू टाउन हॉल में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में झारखंड आंदोलनकारियों को उनके योगदान एवं बलिदान के लिए सम्मानित किया जायेगा।



उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा देश के जनजातीय समुदायों के शौर्य, साहस, पराक्रम और बलिदान के प्रतीक हैं। भारतीय इतिहास में भगवान बिरसा मुंडा एक ऐसे नायक थे जिन्होंने अपने क्रांतिकारी चिंतन से उन्नीसवीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में आदिवासी समाज की दशा और दिशा बदलकर नवीन सामाजिक और राजनीतिक युग का सूत्रपात किया। बिरसा मुंडा चौक के बाद उपायुक्त सहित सभी पदाधिकारियों ने वरीय पुलिस अधीक्षक आवास के बाहर स्थापित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

मौके पर उपायुक्त आदित्य रंजन, सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर श्रीमती हेमा प्रसाद, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, एनडीसी दीपक कुमार दुबे, डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर नौशाद आलम, मौजूद थे।


## आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मौजा- बुण्डू, थाना बुण्डू, थाना नं०-28 जिसका खाता नं० 1209, प्लाट नं० 200, 251, 253, 302 एवं 303, रकवा क्रमशः 19 डी०, 10 डी०, 4.33 डी०, 2.73 एकड़ एवं 1.04 एकड़ विशेश्वर नायक व कंगाल चंद्र नायक के नाम से आर०एस० खतियान में दर्ज है जिसका वंशावली निम्न प्रकार है :-

साधु चरण नायक
- विरेश्वर नायक
  - राम सत्य नायक
  - रामाकान्त नायक
    - सुबोध बाला (नावल्द)
- कंगाल चन्द्र नायक
  - महादेव नायक
    - बुद्धदेव नायक (आवेदक)
      - गणेश नायक
        - सुजीत कुमार नायक
      - ज्ञानेन्द नायक उर्फ गुही नायक
        - छविवाला
      - शशांक शेखर नायक
      - कुवेर नायक

उपरोक्त खाता का खतियानी रैयत के वंशज के बीच बंटवारा वाद चला है जिसका वाद संख्या-60/1979 है उक्त बंटवारा वाद के आदेश के विरुद्ध उभय पक्ष के बीच टाईटल अपील हुआ है जिसका वाद संख्या 66/1991-92 है इसके पश्चात् उपरोक्त खाता में एक इजराय वाद में दखल देयानी हुआ है जिसका वाद संख्या - 2/2012 है जिसमें ऊपर वर्णित जायदाद बुद्धदेव नायक पिता महादेव नायक को दखल दिया गया है साथ ही इनके नाम से तख्ता भी बना है। परन्तु उक्त सम्पति का ऑनलाइन पंजी-।। में रामसत्य नायक पिता विशेश्वर नायक एवं महादेव चंद्र नायक पिता कंगाल चंद्र नायक के नाम से अंचल कार्यालय बुण्डू में गलत दर्ज हुआ है जिसका भाग वर्तमान -12, पृष्ट संख्या - 199 में दर्ज है। नयायालय के आदेश के अनुसार महादेव नायक पिता कंगाल चंद्र नायक के नाम से होना चाहिए। इस संबंध में संबंधित न्यायालय में मामला विचाराधीन है। कोई भी व्यक्ति अगर धोखाधड़ी आदि कर उक्त सम्पति से संबंधित किसी भी प्रकार का दस्तावेज करवाया है या ऐसा करने का प्रयास करता है तो ऐसा कार्य सरासर गैर कानूनी एवं अनाधिकृत होगा एवं संबंधित पक्षकार उसके लिए स्वयं जिम्मेवार होंगे।

हस्ताक्षर निष्पादक

**बुद्धदेव नायक**

आधार नं. 3115 9831 1224

मो. 9263298472


# दुलालपुर में झारखंड स्थापना दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**एसएसबी पब्लिक स्कूल, दुलालपुर राधानगर में हुआ यादगार कार्यक्रम, मुख्य अतिथि रामचंद्र टुडू और विशिष्ट अतिथि डॉ दीपिका सिंह रही उपस्थित**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** झारखंड की धरती पर जनजातीय गर्व के प्रतीक धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती तथा झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर एसएसबी फाउंडेशन की ओर से कार्यक्रम का आयोजन एसएसबी पब्लिक स्कूल, दुलालपुर राधानगर में किया गया। कार्यक्रम में गांव-क्षेत्र के बच्चों, अभिभावकों, ग्रामीणों और अनेक सामाजिक-पत्रकारीय-राजनीतिक प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। समारोह के मुख्य अतिथि वीपीसीएल राधानगर के चीफ मैनेजर रामचंद्र टुडू और विशिष्ट अतिथि संजीव नेत्रालय, बोकारो की सुप्रसिद्ध नेत्र चिकित्सक डॉ दीपिका सिंह थीं। साथ ही, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष मंजूर अंसारी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। फाउंडेशन की ओर से अतिथियों का पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। छात्रों द्वारा स्वागत गीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने वातावरण को और अधिक उत्साहपूर्ण बना दिया।

# 'बोकारो और विकास' विषयक संगोष्ठी

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** झारखंड स्थापना दिवस सह बिरसा जयंती के अवसर पर नागरिक अधिकार मंच द्वारा आयोजित 'बोकारो और विकास' विषयक संगोष्ठी में बोकारो के विकास से संबंधित विषय पर परिचर्चा में यहां के अनेकों बुद्धिजीवियों, समाज सेवियों सहित कई सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व उप कुलपति सह पूर्व प्राचार्य बोकारो सिटी कॉलेज एस के शर्मा ने कहा कि झारखंड के निर्माण से राज्य में कई तरह के विकास तो हुए मगर बोकारो को जितना आगे बढ़ना चाहिए था, उतना नहीं बढ़ पाया। यहां उच्च शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और नागरिक सुविधाओं का ह्रास ही हुआ है। केंद्रीय अध्यक्ष शशि भूषण ओझा 'मुकुल' ने कहा कि बोकारो को हवाई सुविधाओं से वंचित रखना यहां के नागरिकों के साथ एक धोखा है। कार्यक्रम में केंद्रीय महासचिव मृणाल चौबे, दुर्गा सेवा संस्थान के अध्यक्ष उमेश सिंह, स्वास्थ्य पर्यावरण संरक्षण संस्थान के उपाध्यक्ष अखिलेश ओझा, स्वच्छ भारत अभियान के सह संयोजकों वीरेंद्र चौबे, डॉ. गणेश सिंह आदि उपस्थित थे।

# बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर भाकपा माले ने किया विचार गोष्ठी का आयोजन




**कॉ. हरिप्रसाद पप्पू ने कहा कि बिरसा मुंडा एक क्रांतिकारी थे, शोषण मुक्त समाज उनका लक्ष्य था**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद ।** 15 नवंबर को भाकपा माले धनबाद जिला कमिटी की ओर से 150वीं बिरसा मुंडा जयंती और झारखंड स्थापना की सिल्वर जुबली के उपलक्ष्य में टेंपल रोड, पुराना बाजार स्थित धनबाद कार्यालय में एक विचार गोष्टी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का उद्घाटन भाषण माले के वरिष्ठ नेता कॉ. हरिप्रसाद पप्पू ने कहा कि बिरसा मुंडा एक क्रांतिकारी थे। शोषण मुक्त समाज उनका लक्ष्य था। उनकी आंदोलन के चलते भूमि काश्तकारी कानून बनाना पड़ा। परिणामस्वरूप सीएनटी-एस पीटीएक्ट बनाकर आदिवासी समाज की जल, जंगल, जमीन की लूट को रोक कर उनके अधिकारो को रक्षा किया। गोष्टी में राज्य कमिटी सदस्य कॉ. आनंद मयीपाल, सुवास प्रसाद सिंह, सुभाष चटर्जी, विजय कुमार पासवान, राणा चट्टराज, नरेश, विश्वजीत, कल्याण घोषाल, जयदीप, भूषण, भोला, औरंगजेब आदि उपस्थित हुए।

# राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर का दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद ।** झारखंड का 25 वर्ष कैसा होगा यह आप पर निर्भर करता है, यह आप लोगों को तय करना है कि झारखंड खेल के क्षेत्र में कितना विकसित होगा। इस विद्यालय में आकर मुझे लगा कि आप सबों के बेहतर भविष्य के निर्माण के लिए विद्यालय की समिति, प्राचार्य एवं शिक्षक शिक्षिकाएं अनवरत प्रयासरत हैं। पूर्व में भी मुझे जानकारी मिली कि राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर के कई खिलाड़ियों ने राज्य एवं देश स्तर पर अपने कीर्तिमान स्थापित किये हैं। उक्त बातें धनबाद के जिला खेल अधिकारी उमेश लोहरा ने कही। वे राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर अशोक नगर धनसार धनबाद के दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद के समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। समापन सत्र में विद्यालय के प्राचार्य सुमंत कुमार मिश्रा ने अतिथियों का परिचय कराया। उसी क्रम में उन्होंने कहा कि विद्यालय के दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद समारोह में बहन एवं भैयाओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी खेल क्षमता से परिचय कराया। 14 और 15 नवंबर को प्रतिवर्ष हमारा विद्यालय दो दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन करता है। इस क्रम में धनबाद जिला के खेल अधिकारी उमेश लोहरा, विद्यालय के संरक्षक शंकर दयाल बुधिया, अध्यक्ष विनोद कुमार तुलस्यान, उपाध्यक्ष रविंद्र कुमार पटनिया, विद्यालय समिति के सदस्य राजेश रिटोलिया, बाल कल्याण समिति के शरद दुदानी, विद्यालय के प्राचार्य सुमंत कुमार मिश्रा, उप प्राचार्य मनोज कुमार एवं उप प्राचार्या लीला सिंह इस कार्यक्रम के साक्षी बने। इस दो दिवसीय कार्यक्रम के दूसरे दिन 371 खिलाड़ियों ने अपनी खेल प्रतिभा का परिचय दिया।


**JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED**
(CIN No.:U40108JH2013SGC001704)
Regd. Office: 2nd Floor, JUSNL (SLDC) Building Kusai Colony, Doranda, Ranchi - 834002, (E-mail:cetjusnl@gmail.com)

**e-TENDER NOTICE**

NIT No. – 503/PR/ JUSNL/ 2025-26

E-tender in two parts i.e. Technical (Part-I) and Financial (Part – II) is invited from reputed, capable, experienced and financially sound firm for the following works : -


| Name of work | Tower dismantling & DE – Stringing of 56 nos. of 132 kV transmission tower from LILO point at 132 kV Dumka – Lalmatia circuit-II to Adani Power Ltd. |
|---|---|
| Estimated cost (Rs.) | Rs. 95,75,458.00 (including GST) |
| Earnest Money Deposit | Rs. 1,91,550.00 On line mode |
| Completion Period | 03 Month |
| e-Tender fee | Rs. 5,000.00 + 18% GST On line mode. |
| Start Date & Time of Download the Tender Documents | 21.11.2025 at 11:00 AM |
| Start Date and time of upload of BID | 21.11.2025 at 11:00 AM |
| End date and time of upload of BID | 11.12.2025 upto 04:00 PM |
| BID Opening date for technical part | 12.12.2025 at 04:00 PM |
| BID Opening date for price part | Will be communicated |
| Procurement Officer and address for communication | General Manager, C&M (NWBP), 2nd Floor, JUSNL (SLDC) Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002 |

1. e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website https://jharkhandtenders.gov.in. Any details required in this regard can also be had from the office of the undersigned **(6202162568)** during office hours.
2. The bids will be received through electronic tendering mode only.
3. No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager, C&M (NWBP)

**PR 366080Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(25-26)#D**




# राज्यपाल और सीएम ने बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर दी श्रद्धांजलि

## राज्यवासियों से बिरसा मुंडा के आदर्शों पर चलने की अपील

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड की आत्मा और आदिवासी नेता धरती आबा बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन ने रांची के कोकर स्थित उनके समाधि स्थल पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान राज्यपाल और सीएम ने बिरसा मुंडा को आदिवासी समाज की उम्मीद और संघर्ष का प्रतीक बताते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संदेश दिया।





### सीएम ने किया नमन

सीएम हेमंत सोरेन ने अपने एक्स हैंडल पर भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए तस्वीर भी शेयर की है। उन्होंने लिखा कि धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर उन्हें शत-शत नमन। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा अमर रहें! अमर रहें! अमर रहें! हेमंत सोरेन ने कहा कि बिरसा मुंडा ने अपने संघर्ष और त्याग से जनजातीय समाज में सम्मान, स्वाभिमान और अधिकार की नयी चेतना जगायी। अबुआ सरकार बिरसा मुंडा के सपनों को साकार करने के लिए महिलाओं के सम्मान, युवाओं के सशक्तिकरण, बच्चों की शिक्षा और झारखंड की संस्कृति व भाषा के संरक्षण पर विशेष जोर दे रही है। उन्होंने राज्यवासियों से उनके आदर्शों पर चलने की अपील करते हुए कहा कि धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा अमर रहें। वहीं दूसरी ओर भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन ने रांची के बिरसा चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

## बिहार में हार के बाद खड़गे के घर बैठक

नयी दिल्ली। बिहार चुनाव में करारी हार के बाद कांग्रेस ने शनिवार को दिल्ली में पहली समीक्षा बैठक बुलायी। यह बैठक पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर हुई, जिसमें राहुल गांधी, केसी वेणुगोपाल और अजय माकन मौजूद रहे। बैठक में नेताओं ने चुनाव नतीजों की समीक्षा की, संगठन की कमियों पर चर्चा की और आगे की रणनीति को लेकर सुझाव दिये। बैठक के बाद कांग्रेस नेताओं ने भाजपा पर चुनाव में गड़बड़ी करने का आरोप लगाया है।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

ई-निविदा सूचना संख्या : 09-MC-ROH-BOBRN-25-26 धनबाद, दिनांक: 14.11.2025 वरीय मण्डल यांत्रिक अभियंता (समन्वय), पूर्व मध्य रेल धनबाद के द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई-खुली निविदा (e-open tender) Single Packet System में IREPS Portal में आमंत्रित की जाती है।
1. कार्य का नाम : आरओएच शेड, बरवाडीह में BOBRN वैगनों के रूटीन ओवरहॉलिंग (आरओएच) रखरखाव की आउटसोर्सिंग। 2. संविदा की अवधि : 24 माह। 3. कार्य-स्थान : ROH शेड, बरवाडीह। 4. अनुमानित बोली मूल्य : ₹9,27,36,756/- (नौ करोड़ सत्ताईस लाख छतीस हजार सात सौ छप्पन रूपये मात्र)। 5. निविदा दस्तावेज मूल्य : ₹0.00 (शून्य)। 6. बयाना राशि (निविदा सूचना के तदनुसार) : ₹6,13,700 (छः लाख तेरह हजार सात सौ रूपये मात्र)। 7. ई-निविदा जमा करने का तारीख तथा समय : तारीख 20.11.2025 से 04.12.2025 को 17:30 बजे तक। 8. ई-निविदा खुलने का तारीख तथा समय : 04.12.2025 को 17:45 बजे। 9. वेबसाईट विवरण : http://www.ireps.gov.in (ई-निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी)।

वरीय मण्डल यांत्रिक अभियंता (समन्वय)/
पूमरे/धनबाद

पीआर/1291/डीएचएन/यां./टी/25-26/40

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिये तकनीकी विशेषज्ञता, वित्तीय क्षमता एवं पर्याप्त अनुभव रखनेवाले ख्यातिलब्ध प्रतिष्ठानों/एजेंसियों/संवेदको "टू पैकेट बिड" पर ई-निविदायें आमंत्रित है।
1. निविदा संख्या एवं दिनांक : GeM Bid No. GEM/2025/B/6816605 दिनांक 14.11.2025. 2. कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : धनबाद से खुलने वाली ट्रेन के एसी कोचों के लिनन की मशीनीकृत धुलाई के साथ-साथ धनबाद कोचिंग डिपो से धनबाद स्टेशन के विभिन्न प्लेटफार्मों तक पहूँचने तथा लाने एवं ट्रेनों में लिनन को चढ़ाने व उतारने एवं धनबाद के ट्रेनों के एसी कोचों के पर्दों की धुलाई का 01 (एक) वर्ष का ठेका। कार्य समापन अवधि-1 वर्ष। 3. कार्य की अनुमानित लागत : ₹6,91,72,960.68 (छः करोड़ इक्यानवे लाख बहत्तर हजार छियानवे रूपये और अइसठ पैसे) मात्र। 4. बयाना राशि : ₹4,95,900.00 (चार लाख पंचानवे हजार नौ सौ रूपये) मात्र। 5. ई-निविदा बंद होने की तारीख एवं समय : तारीख 05.12.2025 को 16:00 बजे। ई-निविदा खुलने की तारीख एवं समय : तारीख 05.12.2025 को 16:30 बजे। 6. वेबसाईट विवरण : https://www.gem.gov.in ई-निविदा के तहद मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नही की जाएगी।

मंडल रेल प्रबंधक/
पूमरे/धनबाद

पीआर/1292/डीएचएन/सीएण्डडब्ल्यू/टी/25-26/40

## लालू की बेटी रोहिणी बोली, पार्टी और परिवार छोड़ रही हूं

**पटना (आजाद सिपाही)।** बिहार विधानसभा चुनाव में करारी हार मिलने के बाद एक बार फिर संजय यादव को लेकर लालू परिवार में बवाल तेज हो गया है। लालू को किडनी देने वाली दूसरे नंबर की बेटी रोहिणी आचार्य ने शनिवार को एक्स पर पोस्ट कर लिखा है, 'मैं राजनीति छोड़ रही हूं और अपने परिवार से नाता तोड़ रही हूं। संजय यादव और रमीज ने मुझसे यही करने को कहा था और मैं सारा दोष अपने ऊपर ले रही हूं।' रोहिणी ने अपनी पोस्ट में ये बताने की कोशिश की है कि संजय यादव और रमीज ही पार्टी के सभी फैसले लेते हैं। संजय राज्यसभा सांसद हैं और तेजस्वी के रणनीतिक सलाहकार हैं। रमीज यूपी के बलरामपुर के रहने वाले हैं। जेल में बंद पूर्व सांसद रिजवान जहीर के दामाद हैं। इन पर हत्या समेत कई मुकदमे हैं। ये फ्खऊ का सोशल मीडिया और चुनाव का कामकाज देखते हैं। इनकी पत्नी भी विधानसभा का चुनाव लड़ चुकी हैं। इसी साल 25 मई को लालू प्रसाद ने अपने बड़े बेटे तेज प्रताप यादव को पार्टी और परिवार से निकाला था। तेज प्रताप ने इसके लिए संजय यादव को ही जिम्मेदार ठहराया था। चुनाव के नतीजों में राजद को महज 25 सीटें मिली हैं, जबकि 2020 में पार्टी ने 75 सीटें जीती थीं। तेजप्रताप करीब 50 हजार वोटों से इस चुनाव में हारे हैं। लंबी खींचतान के बाद तेजस्वी अपनी सीट बचा पाये हैं।

# उलगुलान के नायक को नमन: बिरसा मुंडा जयंती और झारखंड स्थापना के रजत वर्ष पर भाजपा ने निकाली ऐतिहासिक शोभायात्रा




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** अंग्रेजों के खिलाफ उलगुलान के महानायक, धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पावन 150वीं जयंती एवं झारखंड स्थापना के 25वें वर्ष पर शनिवार को भाजपा, रांची महानगर एवं ग्रामीण जिला के संयुक्त तत्वावधान में शोभायात्रा का आयोजन किया गया।

शोभायात्रा बिरसा मुंडा स्मृति स्थल (पुराना जेल परिसर), जेल चौक से प्रारंभ होकर कोकर स्थित बिरसा मुंडा समाधि स्थल, कोकर तक ढोल-नगाड़ों, आदिवासी-परंपरागत वाद्ययंत्रों, आकर्षक झांकी एवं हजारों कार्यकर्ताओं की सहभागिता के साथ निकाली गयी।

इससे पूर्व कार्यकर्ताओं ने हाथों पुराना जेल परिसर स्थित धरती आबा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि कर शोभायात्रा की शुरुआत की। कार्यकर्ताओं ने जुलूस के रूप में बिरसा समाधि स्थल पहुंचे एवं नेताओं ने पुष्प अर्पित किया।

शोभायात्रा में झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, केंद्रीय मंत्री संजय सेठ, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव, रांची के विधायक सीपी सिंह, हटिया के विधायक नवीन जायसवाल, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाऊरी, पूर्व विधायक नीरा यादव, प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, महानगर अध्यक्ष वरुण साहू, ग्रामीण जिला अध्यक्ष विनय महतो, पूर्व विधायक राम कुमार पाहन, महामंत्री बलराम सिंह, जितेंद्र वर्मा, सुनीता सिंह रवि मुंडा, सन्नी टोप्पो, संदीप वर्मा, रमेश सिंह, शोभा यादव सहित कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी शामिल रहे। पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि धरती आबा बिरसा मुंडा केवल एक जननायक नहीं, बल्कि आजादी के प्रथम क्रांतिकारियों में अग्रणी थे।

कार्यकारी अध्यक्ष आदित्य साहू ने कहा कि यह रजत वर्ष झारखंड की गौरवगाथा का प्रतीक है। भगवान बिरसा मुंडा ने हमें संघर्ष, त्याग और जनहित की प्रेरणा दी।

भाजपा समाज के अंतिम व्यक्ति को मुख्यधारा से जोड़कर समृद्ध झारखंड के उनके सपने को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है। आज हजारों कार्यकर्ताओं की यह शोभायात्रा इस धरती के महान पुत्र के प्रति हमारी कृतज्ञता का प्रतीक है।

पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि बिरसा मुंडा ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ जो अलख जगायी, उसने पूरे देश को आंदोलित किया। आज भी वे प्रेरणा के सबसे बड़े स्रोत हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने हमेशा आदिवासी समाज के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है और आगे भी देती रहेगी। बिरसा की जयंती केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि उनकी शिक्षाओं को जीवन में उतारने का अवसर है।

# फरीदाबाद से जब्त विस्फोटक से श्रीनगर थाने में धमाका, नौ की मौत, 32 घायल

● सैंपल लेते समय अमोनियम नाइट्रेट में ब्लास्ट हुआ

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में नौगाम पुलिस स्टेशन में शुक्रवार रात करीब 11:22 बजे बड़ा धमाका हुआ। 9 लोगों की मौत हो गयी है। 32 लोग घायल हैं। इनका 92 आर्मी बेस और एसकेआइएमएस सौरा हॉस्पिटल में इलाज जारी है। ब्लास्ट उस समय हुआ जब पुलिस व्हाइट कॉलर आतंकी मॉड्यूल मामले में जब्त विस्फोटक के सैंपल ले रही थी। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि क्या पुलिस स्टेशन में पूरा 360 किलो विस्फोटक रखा गया था या फिर कुछ हिस्सा ही लाया गया था। जम्मू-कश्मीर के डीजीपी नलिन प्रभात ने कहा कि, यह एक हादसा था। सैंपलिंग के वक्त ब्लास्ट हुआ। मारे गए 9 लोगों में से एक इंस्पेक्टर, 3 फॉरेंसिक टीम मेंबर, 2 क्राइम ब्रांच फोटोग्रॉफर, 2 राजस्व अधिकारी और एक दर्जी शामिल है। दरअसल यह विस्फोटक हरियाणा के फरीदाबाद से गिरफ्तार डॉ मुजम्मिल गनई के किराए के घर से जब्त किया गया था। गनई को दिल्ली ब्लास्ट केस में पहले ही अरेस्ट किया जा चुका है। 10 नवंबर को दिल्ली में लाल किला के पास कार ब्लास्ट में 13 लोगों की मौत हो गयी थी।

# बिहार ने जाति की राजनीति को ठुकराया : मोदी

## हार के सदमे से बाहर निकलने में महीनो लगेंगे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सूरत।** पीएम मोदी ने सूरत एयरपोर्ट पर शनिवार को बिहार के लोगों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि बिहार ने हाल के विधानसभा चुनाव में जाति की राजनीति को ठुकरा दिया। उन्होंने कहा कि जिन लोगों को हार मिली है, उन्हें इस सदमे से बाहर निकलने में महीनों लगेंगे। उन्होंने कहा कि बिहार का टैलेंट दुनिया में हर जगह है। यहां के लोग दुनिया की राजनीति को समझते हैं। बिहार ने सांप्रदायिकता के जहर को ठुकरा दिया। एनडीए ने बिहार में 243 सीटों में से 202 जीती हैं।


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को गुजरात के सूरत का दौरा किया। इस दौरान एक रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि बिहार का ऐतिहासिक विजय हुआ हो, और अगर हम सूरत से आगे जा रहे हों और बिहार के लोगों से मिले बिना जाएं, तो लगता है यात्रा अधूरी रह गई है। इस दौरान उन्होंने गुजरात में रहने वाले बिहार के लोगों का अभिवादन किया।

**दुनिया भर में छाया है बिहार :** प्रधानमंत्री ने कहा कि बिहार के लोगों का राजनीति नहीं समझानी पड़ती है। बिहार के लोग दुनिया को राजनीति समझाते हैं। उन्होंने कहा कि बिहार ने जातिवादी राजनीति को नकार दिया है। उन्होंने कहा कि बिहार आज दुनिया भर में छाया हुआ है। आप दुनिया में कहीं भी जाइए, बिहार का टैलेंट आपको नजर आयेगा।

**जमानती नेता फैला रहे थे जातिवाद :** पीएम मोदी ने कहा कि पिछले दो साल से ये जमानती नेता बिहार में जाकर जातिवाद-जातिवाद का भाषण दे रहे थे। जितनी ताकत थी उन्होंने जातिवाद का जहर फैलाने की कोशिश की। लेकिन बिहार के इस चुनाव ने जातिवाद के इस जहर को पूरी तरह नकार दिया है। उन्होंने कहा कि यही मंत्र हमारे लिए हिंदुस्तान का हर कोना, हिंदुस्तान का हर राज्य, हर भाषा-भाषी नागरिक... ये हमारे लिए पूजनीय है, वंदनीय है। इसलिए बिहार का भी गौरव करना, बिहार के सामर्थ्य को स्वीकार करना... ये हमारे लिए बहुत सहज बात है।

**महिला-युवा का माई कॉम्बिनेशन :** उन्होंने कहा कि इस चुनाव में एनडीए गठबंधन जो विजयी हुआ है और महागठबंधन जो पराजित हुआ है... दोनों के बीच 10 प्रतिशत वोट का फर्क है, ये बहुत बड़ी बात है। यानी, सामान्य मतदाता ने एकतरफा मतदान किया, ये बिहार के विकास के प्रति ललक है। उन्होंने कहा कि महिला-युवा एक ऐसा माई कॉम्बिनेशन बना है, जिसने आने वाले दशकों की राजनीति का नींव मजबूत कर दी है। इस दौरान पीएम मोदी ने वक्फ कानून का जिक्र करते हुए कहा, "गैर-कानूनी तरीके से मकानों को कब्जा करके वक्फ बना दिया जाता था। तमिलनाडु में पूरा का पूरा गांव वक्फ की प्रॉपर्टी बना दिया गया। इस पर चिंता को देखते हुए हम संसद में वक्फ कानून लाये।

**अब कांग्रेस को कोई नहीं बचा सकता :** प्रधानमंत्री ने कहा कि ये देश मुस्लिम लीगी माओवादी कांग्रेस को अस्वीकार कर चुका है। कांग्रेस पार्टी में जो राष्ट्रीय विचारों से पले-बढ़े लोग हैं, ऐसे कांग्रेस का बहुत बड़ा वर्ग... नामदार के हरकतों से दुखी है। कांग्रेस को अब कोई बचा नहीं सकता है, ऐसी हालत हो गयी है।



### पंडोरी माता के मंदिर गये

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पंडोरी माता के मंदिर गये। पंडोरी माता को गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और राजस्थान के आदिवासी समुदाय अपनी कुलदेवी मानते हैं। पीएम ने डेडियापाडा में 4 किमी लंबा रोड शो भी किया। इस दौरान आदिवासी समुदाय के हजारों लोग सड़क किनारे नजर आये। इसके बाद उन्होंने 9700 करोड़ के कई प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास और उद्घाटन किया।













आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**